दैनिक
# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 186 | जयपुर | रविवार , 11 मई, 2025 | बैशाख, शुक्ल पक्ष चतुर्दशी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 10

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan RNI NO. RAJHIN/2010/35060

## पाकिस्तान ने 4 घंटे के बाद ही तोड़ा संघर्ष विराम



### ट्रम्प ने ट्वीट करके दी थी सीजफायर की जानकारी

इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा, 'रात में यूएस की मध्यस्थता में चली लंबी बातचीत के बाद मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान तुरंत और पूरी तरह हमले रोकने के लिए तैयार हो गए हैं। मैं दोनों देशों को कॉमनसेंस, समझदारी से भरा फैसला लेने के लिए बधाई देता हूं।'

### जम्मू-कश्मीर में फायरिंग, गोलाबारी, ड्रोन अटैक
### राजस्थान, पंजाब, गुजरात में ब्लैकआउट

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार शाम 5 बजे सीजफायर लागू हो गया। इसके 4 घंटे बाद ही पाकिस्तान ने सीजफायर का उल्लंघन कर दिया। रात 8 बजे से पाकिस्तान की तरफ से जम्मू-कश्मीर के अखनूर, पुंछ, नौशेरा, श्रीनगर, आरएसपुरा, सांबा, उधमपुर में फायरिंग की जा रही है। राजौरी में शेलिंग (तोप और मोर्टार) की गई। उधमपुर में ड्रोन से हमला हुआ। फायरिंग के बाद से जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, पंजाब और गुजरात के बॉर्डर वाले जिलों में ब्लैकआउट कर दिया गया है। 22 अप्रैल से 10 मई तक पाकिस्तान की गोलीबारी में 4 जवान शहीद हो चुके हैं। 60 जवान घायल पाकिस्तानी हमलों में घायल हुए हैं। वहीं, 17 नागरिकों की भी मौत हो चुकी है और 60 से ज्यादा लोग घायल हैं।

इनके अलावा राजौरी के अतिरिक्त जिला विकास आयुक्त डॉ. राज कुमार थापा भी पाकिस्तानी गोलाबारी में घायल हुए थे। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

#### जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा-

ये कैसा सीजफायर है। श्रीनगर में धमाकों की आवाज सुनाई दे रही है।

#### जम्मू-कश्मीर, राजस्थान-पंजाब में फिर ब्लैकआउट


सीजफायर के ऐलान के बाद जम्मू-कश्मीर, राजस्थान और पंजाब के बॉर्डर वाले जिलों में ब्लैकआउट रद्द कर दिया था। लेकिन, पाकिस्तान की ओर से जम्मू-कश्मीर में फायरिंग के बाद फिर से ब्लैकआउट कर दिया गया है। बॉर्डर वाले जिलों की बिजली काट दी गई है।

### कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा

शनिवार शाम को रक्षा मंत्रालय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इसमें आर्मी से कर्नल सोफिया कुरैशी, एयरफोर्स से विंग कमांडर व्योमिका सिंह और नेवी के कमोडोर रघु आर नायर मौजूद थे। रक्षा मंत्रालय की 9 मिनट की ब्रीफिंग में कर्नल सोफिया ने पाकिस्तान की तरफ से गलत सूचनाएं फैलाने की जानकारी दी। वहीं कमोडोर नायर ने कहा कि भारत की सेनाएं पूरी तरह सतर्क और तैयार हैं। अगर फिर हमला हुआ, तो हम मुंहतोड़ जवाब देंगे।



## पाकिस्तान ने भारतीय सीमा में घुसना चाहा, हमने भारतीय सेना को फ्रीहैंड दिया : विक्रम मिसरी



पाकिस्तान के सीजफायर तोड़ने पर विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने रात 11 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा, 'पिछले कुछ घंटे से सीजफायर समझौते का पाकिस्तान की ओर से उल्लंघन हो रहा है। भारतीय सेना जवाबी कार्रवाई कर रही है और अतिक्रमण से निपट रही है। ये अतिक्रमण बेहद निंदनीय है और पाकिस्तान इसके लिए जिम्मेदार है।' मिसरी ने कहा, 'पाकिस्तान ने भारतीय सीमा में घुसना चाहा, हमने भारतीय सेना को फ्रीहैंड दे दिया है।' 'हमारा मानना है कि पाकिस्तान इस स्थिति को ठीक से समझे और इस अतिक्रमण को रोकने के लिए तुरंत उचित कार्रवाई करे। सेना ने इस स्थिति कड़ी नजर रखी हुई है और उसे किसी भी अतिक्रमण से निपटने के लिए ठोस और सख्त कदम उठाने के आदेश दिए गए हैं।' दोनों देशों के बीच सीजफायर 5 बजे हुआ था। इसके तीन घंटे बाद करीब 8 बजे पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, पंजाब और गुजरात में शैलिंग और ड्रोन अटैक किया।

## श्रीगंगानगर में भी दिखे ड्रोन, जैसलमेर में सायरन बजा, 9 जिलों में ब्लैकआउट

बढ़ता राजस्थान

**श्रीगंगानगर।** भारत से युद्धविराम के बाद पाकिस्तान ने राजस्थान में बॉर्डर से सटे बाड़मेर में ड्रोन हमला किया। भारतीय सेना ने हमले को विफल कर दिया। श्रीगंगानगर में भी ड्रोन दिखाई दिए। जैसलमेर में सायरन बजा।

बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर, फलोदी, बीकानेर, श्रीगंगानगर, पाली, बालोतरा और हनुमानगढ़ में अभी ब्लैकआउट जारी है। इससे पहले शनिवार को पाकिस्तान की ओर से राजस्थान के बॉर्डर इलाकों से जुड़े जिलों में अटैक की कोशिश की गई थी। हालांकि भारतीय सेना ने सभी हमलों को नाकाम कर दिया था। उधर, विदेश और रक्षा मंत्रालय की सुबह हुई प्रेस ब्रीफिंग में राजस्थान के सूरतगढ़ (श्रीगंगानगर) एयरफोर्स स्टेशन को पाकिस्तान के नुकसान पहुंचाने के दावे को गलत बताया गया था। एयरफोर्स स्टेशन के सामान्य हालात की फोटो भी दिखाई गई थी।

## कच्छ में कई ड्रोन दिखे, दो इलाकों में 15 धमाके

**अहमदाबाद।** गुजरात के कच्छ इलाके में शनिवार शाम फिर से पाकिस्तानी ड्रोन दिखाई दिए। इसके बाद पूरे इलाके में कम्प्लीट ब्लैकआउट किया गया है। गुजरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी ङ्ग पोस्ट में कहा- पूरे कच्छ जिले में तत्काल प्रभाव से ब्लैकआउट घोषित किया गया है, सभी नागरिकों से इसका सख्ती से पालन करने का आदेश है। कच्छ के नालिया और जखाऊ इलाकों में करीब 15 विस्फोट सुने गए हैं। बनासकांठा में भी ब्लैकआउट किया गया है। शनिवार शाम 5 बजे भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा हुई थी। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा था कि सीजफायर शाम आज शाम 5 बजे से लागू हुआ। अब दोनों देश जमीन, आकाश और समुद्र में एक-दूसरे पर हमला नहीं करेंगे। इस घोषणा के बाद 6 शहरों जामनगर, ओखा, कच्छ, बनासकांठा, पाटण और द्वारका में ब्लैकआउट हटाया गया था। हालांकि, गुजरात से राजस्थान जाने वाली नाइट ट्रेनें रद्द की गई हैं। शनिवार सुबह ही भुज (कच्छ), बनासकांठा जिलों में पाकिस्तान ने ड्रोन हमले किए थे। हालांकि, इन हमलों को भारत ने सफलतापूर्वक रोका था।

## चीन ने दिखाया अपना रंग, विदेश मंत्री वांग यी बोले- पाकिस्तान को हमारा पूरा समर्थन

बढ़ता राजस्थान

**इस्लामाबाद ( एजेंसी )।** चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने शनिवार को कहा कि उनका देश पाकिस्तान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और राष्ट्रीय स्वतंत्रता को बनाए रखने में उसके साथ खड़ा रहेगा। एक बयान के अनुसार, चीनी विदेश मंत्री ने पाकिस्तान के उप प्रधान मंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार के साथ टेलीफोन पर बातचीत के दौरान ये टिप्पणियां कीं।

बातचीत के दौरान, डार ने वांग यी को उभरते क्षेत्रीय हालात के बारे में जानकारी दी। दुनिया के सामने पाकिस्तान के बेनकाब होने के बावजूद चीन का उसके पक्ष में खड़े होना कई गंभीर सवाल पैदा करता है।

## क्रॉस बॉर्डर फायरिंग में बीएसएफ के एसआई मोहम्मद इम्तियाज शहीद, सेना ने शहादत को किया सलाम

बढ़ता राजस्थान

**जम्मू।** पाकिस्तान ने जम्मू के आरएस पुरा क्षेत्र में शनिवार को भारी गोलाबारी की, जिसमें सीमा सुरक्षा



बल (बीएसएफ) के आठ जवान घायल हो गए। इनमें से एक सब इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज बलिदान हो गए हैं। वहीं सात जवानों का उपचार जारी है। मोहम्मद इम्तियाज की शहादत को सलाम करते हुए बीएसएफ ने कहा कि सीमा चौकी का नेतृत्व करते हुए, उन्होंने आगे से बहादुरी से नेतृत्व किया। डीजी बीएसएफ और सभी रैंक उनके परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। आज पूरे सम्मान के साथ पुष्पांजलि समारोह फ्रंटियर मुख्यालय जम्मू में होगा।

### पाकिस्तान की बौखलाहट

सीमापार से पाकिस्तान की कायराना हरकत जारी है। इस बार वह अलग तरीके से अपनी हिमाकत को अंजाम दे रहा है। पहले उसके हमले सीमावर्ती इलाकों के आसपास तक सीमित रहते थे, लेकिन इस बार वह शहर में रिहायशी इलाकों को ज्यादा फोकस कर रहा। ब्रिगेडियर हरचरण सिंह (सेवानिवृत्त) बताते हैं कि युद्ध के तरीके में यह बदलाव पाकिस्तान की बौखलाहट दिखा रही है।

### हमारे सुरक्षाबल हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार

हमारे सुरक्षाबल हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार हैं। सीमावर्ती आबादी के साथ शहर की रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया जा रहा है, ताकि ज्यादा नुकसान हो। ऐसा कर पाकिस्तान अपने नागरिकों को बताएगा कि वह कितना सक्षम है। युद्ध सेवा मेडल से सम्मानित और कारगिल युद्ध के नायक ब्रिगेडियर कुशाहल ठाकुर ने कहा कि भारत ने एयर स्ट्राइक आतंकी ठिकानों पर की थी।




## पठानकोट में धमाकों की आवाजः सीजफायर के बावजूद 9 जिलों में ब्लैकआउट

बढ़ता राजस्थान

**जालंधर/फिरोजपुर।** भारत और पाकिस्तान में शनिवार शाम 5 बजे सीजफायर के ऐलान के बाद भी पठानकोट में रात को धमाकों की आवाज आई।

इसके बाद पठानकोट, अमृतसर, लुधियाना, पटियाला, बरनाला, बठिंडा, रोपड़, होशियारपुर, फाजिल्का और



फिरोजपुर में दोबारा ब्लैकआउट कराया गया। हालांकि रात साढ़े 10 बजे फिरोजपुर में ब्लैकआउट हटा दिया गया।

वहीं भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम से पहले 3 दिन तक भारतीय सेना ने पाकिस्तानी हमलों का मुंहतोड़ जवाब दिया। पाकिस्तान ने सैन्य ठिकानों से लेकर रिहायशी क्षेत्रों तक को निशाना बनाया। मगर, आर्मी के एयर डिफेंस सिस्टम ने हर हमला नाकाम कर दिया। पाकिस्तान ने 3 दिन में पंजाब के 12 जिलों में अटैक किया। जिनमें 6 बॉर्डर जिले, अमृतसर, पठानकोट, फिरोजपुर, फाजिल्का, गुरदासपुर और तरनतारन हैं। वहीं बठिंडा, जालंधर, मानसा, कपूरथला, लुधियाना और होशियारपुर में हवाई हमले किए। पाकिस्तान ने इन जिलों में ड्रोन और रॉकेट के अलावा मिसाइलें दागी। पाकिस्तानी सेना ने पठानकोट और आदमपुर एयरबेस पर अटैक किया था, जिससे उन्हें हल्का नुकसान हुआ है। पाकिस्तान ने हाईस्पीड मिसाइल छोड़कर दोनों एयरबेस को उड़ाने की कोशिश की थी।

# अच्छी खबर : जिले में पहला ऑनलाइन सीएनजी पंप शुरू, 24 घंटे मिलेगी सुविधा

बढ़ता राजस्थान

**झुंझुनू ( नि.स. )।** झुंझुनूं वासियों के लिए एक राहत भरी खबर है। शहर के चूरू बायपास रोड स्थित शहीद जाकिर फिलिंग स्टेशन को अब सीधे गैस पाइपलाइन से जोड़ा गया है। इसके साथ ही यह जिले का पहला ऑनलाइन सीएनजी पंप बन गया है, जहां 24 घंटे सीएनजी की सुविधा उपलब्ध रहेगी। शनिवार को पंप का उद्घाटन किया गया। पंप डीलर मोहम्मद सलीम चौहान ने बताया कि पहले सीएनजी सिलेंडरों के माध्यम से ट्रकों से सप्लाई होती थी, जिससे ग्राहकों को काफी परेशानी होती थी। केवल आठ घंटे ही सीएनजी उपलब्ध रहती थी, जिससे लंबी लाइनें लग जाती थीं और कई बार दो-दो घंटे इंतजार के बाद भी लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ता था।

उन्होंने बताया कि जनता की परेशानी को देखते हुए लगातार सीएनजी विभाग से संपर्क किया गया और अब पेट्रोल पंप को डायरेक्ट पाइपलाइन से जोड़ दिया गया है। इससे न केवल 24 घंटे सीएनजी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, बल्कि शहर में प्रदूषण नियंत्रण में भी मदद मिलेगी।

उन्होंने यह भी कहा कि सरकार और पंप प्रबंधन का प्रयास है कि अधिक से अधिक वाहन सीएनजी पर संचालित हों, जिससे पर्यावरण को लाभ मिले। इस अवसर पर सी. एन .जी. अधिकारी दुष्यंत मणि सीएनजी झुंझुनूं एरिया मैनेजर सीताराम मीणा , पेट्रोल डीजल एरिया मैनेजर धिकशान चोपड़ा, रोहित,बिजली विभाग के ड्ड×ठ्ठ मुमताज अली शरीफ चौहान, एपेक्स हॉस्पिटल इंचार्ज अल्ताफ कछावा मुराद खां, , मुबारिक चौहान, कादर अलीरजा,चौहान आरिफ उर्फ मथरा डॉक्टर अब्दुल करीम, फारूक, आरिफ, रमजान, आरीफ, विजय, विक्रम सिंह, आसिफ, रूवरूप सुरेन्द्र समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## जेएसजी संगिनी विजय द्वारा मनाया मदर्स डे



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** जेएसजी संगिनी विजय की ओर से शनिवार को मदर्स डे समारोह को अनूठे अंदाज में मनाया गया। अध्यक्ष प्रियंका तलेसरा ने बताया कि इसमें सास और बहू के प्रेम को घनिष्ठ बनाने हेतु मेरी प्यारी सासू मां थीम पर सेल्फी प्रतियोगिता आयोजित की गई एवं सास बहू पर नाटिका का मंचन भी किया गया। संस्थापक अध्यक्ष मधु खमेसरा ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम नयना दोशी, द्वितीय स्नेहलता बागरेचा, तृतीय क्रमशः मधु जैन व रानी मेहता रहें, वहीं सांत्वना पुरस्कार की विजेता निर्मला कोठारी एवं ललिता सियाल रही। कार्यक्रम की थीम फ्लोरल रखी गई जिसमें ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम निर्मला कोठारी एवं द्वितीय वेलिका जैन रही। जेएसजी मेवाड़ रीजन अध्यक्ष अरुण मांडोत, पूर्व रीजन अध्यक्ष अनिल नाहर एवं संगिनी कन्वीनर मंजू गांग ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। ज्योति बोहरा व गरिमा सियाल द्वारा हाउज़ी खेलाई गई। कार्यक्रम में संजीता कोठारी, मीना अरोड़ा, रचिता मोगरा, संध्या नाहर, रंजना छाजेड़, ललिता बापना, चंदा बापना, अनीता पोरवाल, अनिता भंडारी, लतिका जैन, ट्विंकल नाहर आदि बहनों का सहयोग रहा। कार्यक्रम संचालन स्नेहलता वागरेचा एवं ज्योति बोहरा ने किया। धन्यवाद सचिव निर्मला बड़ाला द्वारा दिया गया।

## जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने राजकीय जिला अस्पताल का निरीक्षण किया



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने हीट वेव से निपटने की तैयारियों का जायजा लिया। शनिवार को उन्होंने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया।कलेक्टर ने पीएमओ डॉ. पुष्पेंद्र गुप्ता और डिप्टी कंट्रोलर डॉ. ओ. पी. मीणा के साथ बैठक की। उन्होंने अस्पताल में पर्याप्त पलंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की नियमित उपस्थिति पर जोर दिया।कलेक्टर ने ब्लड स्टोरेज में पर्याप्त रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। आवश्यक दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक रखने के निर्देश भी दिए। आपातकालीन स्थितियों में बेहतर चिकित्सा सेवाएं और घायल मरीजों के समुचित उपचार पर विशेष ध्यान देने को कहा। इस दौरान एसडीएम हेमराज गुर्जर भी मौजूद रहे।

## निःशुल्क ज्योतिष परामर्श शिविर आज

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** श्री रामचरित मानस समिति द्वारा 11 मई को बीइंग मानव व नक्षत्र ज्योतिष संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में 11 मई को अशोका पैलेस के मधुश्री बैंक्वेट हॉल में निःशुल्क ज्योतिष परामर्श शिविर आयोजित किया जायेगा। समिति के संस्थापक पं. सत्यनारायण चौबीसा ने बताया कि ज्योतिश एक विज्ञज्ञनयह भटके हुए मनुष्य को सही रास्ता दिखता है। इस शिविर में कुण्डली मिलान,कालसर्प दोष, मांगलिक कुण्डली,वास्तु दोष को अनेक ज्योतिषियों द्वारा निःशुल्क देखा जायेगा। बीईंग मानव के संस्थापक मुकेश माधवानी ने बताया कि ज्योतिष में पारदर्शिता रहती है।इसे समण्ने की आवश्कयता है। जनोपयोगी रूप से महत्वपूर्ण यह शिविर पूर्ण रूप से निःशुल्क रहेगा। ज्योतिष संबंधी किसी प्रकार की समस्या का समाधान पण्डितों द्वारा किया जायेगा। नक्षत्र शोध संस्थान के अध्यक्ष डॉ. भगवती शंकर व्यास ने बताया कि ज्योतिश भटकते मानव को सीधी राह दिखता है। पं. सुरेश त्रिपाठी ने बताया कि ज्योतिष प्राचवीन काल की कला विज्ञान है। इसे मानव को समझना होगा। सत्यनारायण चौबीसा ने बताया कि शिविर का उद्घाटन महामण्डलेश्वर रासबिहारी शरण करेंगे। मुख्य अतिथि समाजसेवी एडवोकेट निर्मल कुमार पण्डित करेंगे। अध्यक्षता मुकेश माधवानी, करेंगे। अति विशिष्ठ अतिथि राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, ज्योतिष कुलदीप चतुर्वेदी, कुवंरदीप शर्मा, नीरज शर्मा, राकेश बजाज उपस्थित रहेंगे।

## पाक समर्थन पर मार्बल एसोसिएशन ने किया तुर्की से व्यापार का विरोध

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** उदयपुर मार्बल एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा मार्बलचौम्बर कार्यालय पर बैठक आयोजित की गई। जिसमें पदाधिकारियों ने तुर्की द्वारा पाकिस्तान को सीधा समर्थन देने की निंदा की। एसोसिएशन अध्यक्ष पंकज गंगावत ने बताया कि तुर्की से हमारे व्यापारिक रिश्ते अच्छे रहे हैं, जिस कारण काफी मार्बल व्यापारी तुर्की से मार्बल ग्रेनाइट का आयात करते हैं। तुर्की इसको नजरअंदाज करते हुए हमारे दुश्मन देश पाकिस्तान को सहयोग कर रहा हैं। इससे हमारे मार्बल व्यापारियों में बहुत ही आक्रोश हैं, और सभी मार्बल व्यापारी यह चाहते हैं कि तुर्की से व्यापार का बंद किया जाए। हाल ही में, तुर्की ने पाकिस्तान को समर्थन देने के लिए सीधे कदम उठाए हैं, जो न केवल भारत के हितों के विरुद्ध है, बल्कि यह क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा के लिए भी एक बड़ा खतरा है। गंगावत ने बताया कि तुर्की से हर साल अरबों रुपये कामार्बल ग्रेनाइट आयात किया जाता हैं जो कि वर्तमान स्थिति में राष्ट्रीयता के खिलाफ हैं। हम सभी मार्बल व्यापारी सरकार से अपील करते हैं कि तुर्की के साथ मार्बल व्यापार को प्रतिबंधित कर देश हित की रक्षा करें और तुर्की से होने वाले आयात-निर्यात पर प्रतिबंध लगाने पर विचार करें, साथ ही हम तुर्की से होने वाले अन्यव्यापार की भी निंदा करते हैं। एसोसिएशन देशवासियों से अपील की कि वे तुर्की से व्यापारिक प्रतिबंध के साथ ही पर्यटन को भी बंद कर दें। इस सम्बन्ध में मार्बल एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पियूष गोयल एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन को पत्र लिखकर आग्रह किया गया। इस बैठक में अध्यक्ष पंकज गंगावत, पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राव, उपाध्यक्ष राजेंद्र मौर, सचिव नीरज शर्मा, सह सचिव नरेन्द्र सिंह राठौड़ एवं कोषाध्यक्ष कुलदीप जैन उपस्थित थे।

## गर्भकल्याणक महोत्सव के साथ ही तीन दिवसीय पंचकल्याणक महोत्सव प्रारम्भ

### बच्चों की सबसे बड़ी पाठशाला मां का गर्भः पुण्यसागर महाराज

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** नवनिर्मित देवाधिदेव 1008 श्री शांतिनाथ जिनालय का पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव मुनि पुण्य सागर महाराज के पावन सानिध्य में शनिवार को गर्भकल्याणक महोत्सव के साथ प्रारंभ हुआ। इस महोत्सव में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ ही गर्भकल्याणक के तहत माता की गोद भराई का महान महोत्सव हुआ। उक्त महोत्सव की जानकारी देते हुए सुधीर कुमार जैन ने बताया कि 53 ए ब्लॉक श्रीनाथ नगर शीतल पार्क के पास सेक्टर 9 उदयपुर में प्रारंभ हुई पंचकल्याणक महोत्सव की प्रातः कालीन बेला में कई पुनर्वर्धक क्रियाएं हुई। जिसमें प्रातः 6.15 बजे जिनाज्ञा, देवाज्ञा, गुरु आज्ञा, 6.30 बजे श्री जी शोभा यात्रा एवं घट यात्रा, 7 बजे ध्वजारोहण मंडप उद्घाटन, मंडप



शुद्धि, श्रीजी का अभिषेक, शांति धारा, मंगलाचरण, दीप प्रज्वलन अंगन्यास, संकलीकरण इंद्र प्रतिष्ठा, मंडप प्रतिष्ठा, जाप्यानुष्ठान, अकुरारोपण, जैसे मंगल आयोजन हुए। जैन ने बताया कि महोत्सव प्रारंभ होने से पूर्व सेक्टर 9 स्थित चौताली से भव्य घट यात्रा निकाली गई जो विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए मंदिर जी पहुंची। पूरे आयोजनों के पुण्यार्जकों में ऋषभ जसिगोत, जतिन गांधी, भूपेंद्र मादावत, कमलेश भूता, विमल सेठ, जितेंद्र सामलरिया, दीपक तलेरिया, विनोद डागरिया, रौनक भानावत, रौनक सेठ आदि रहें।

## निरंजन बाबा मन्दिर की नींव रखी

बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** कस्बे में श्री भभूतासिद्ध महाराज मन्दिर परिसर में निरंजन बाबा के मन्दिर की नींव रखी गई। शनिवार को श्री भभूतासिद्ध महाराज के गुरु निरंजन बाबा के मन्दिर की नींव धन्नाराम सैनी पुत्र लालचंद सैनी ने अपने हाथों से रखवाई। इस दौरान मिस्त्री छोटूराम सैनी थे। पण्डित महावीर प्रसाद सांकरोत ने पूजा अर्चना करवाई।

## महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय प्रागपुरा में नवीन प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर के निर्देशानुसार महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय प्रागपुरा (अंग्रेजी माध्यम) में सत्र 2025-26 के लिए नवीन प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक अभिभावक 7 मई से 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद 16 जून को प्रवेश के लिए कक्षावार प्राप्त आवेदनों की सूची नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाएगी। 17 जून को लॉटरी निकाली जाएगी और 18 जून को लॉटरी के माध्यम से चयनित विद्यार्थियों की सूची विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाएगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य बाबू लाल वर्मा, उप प्रधानाचार्य श्रीमती मनीषा यादव व प्रवेश प्रभारी अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि कक्षा नर्सरी से 12 वीं तक उपलब्ध रिक्त सीटों पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभिभावक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## सदर पुलिस ने जमालपुर में हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे 2 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** सदर पुलिस ने जमालपुर में हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे 2 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि 4 फरवरी को जमालपुर निवासी विष्णु ने मामला दर्ज कराया था। विष्णु खेड़ा स्थित टेंट की दुकान पर बैठा था। इसी दौरान जमालपुर निवासी इकबाल और अनिल जाटव टेंपू से वहां पहुंचे। इकबाल ने विष्णु की गर्दन पर धारदार हथियार से 2-3 वार किए। इस हमले में विष्णु गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर मुख्य आरोपी इकबाल को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। दूसरा आरोपी अनिल फरार हो गया था। पुलिस ने अनिल की गिरफ्तारी के लिए 2 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।थानाधिकारी देवेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। टीम में हैड कांस्टेबल ओमप्रकाश, प्रधान, संजय, समय सिंह और दयाल शामिल थे। आरोपी की जानकारी जुटाने में पुलिस कर्मी हेमेन्द्र सिंह और प्रधान की अहम भूमिका रही।

## पावटा में परिंडा लगाओ, परिंदा बचाओ अभियान के तहत पशुओं और पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** स्थानीय कस्बे के पावटा उपखंड कार्यालय परिसर में माता सुंदरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति पावटा द्वारा चलाए जा रहे अभियान परिंडा लगाओ, परिंदा बचाओ के तहत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पावटा बार एसोसिएशन अध्यक्ष एडवोकेट ओम प्रकाश सैनी की अध्यक्षता में और उपखंड अधिकारी कपिल उपाध्याय के मुख्य आतिथ्य में पशुओं और गौ माताओं के लिए पानी की टंकियां रखी गईं और पक्षियों के लिए पानी के परिंडे लगाए गए। उपखंड अधिकारी कपिल उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि बेजुबान पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना हमारा नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से भी ऐसे कार्यों में पूर्ण सहयोग दिया जाएगा। पावटा बार एसोसिएशन अध्यक्ष एडवोकेट ओम प्रकाश सैनी ने कहा कि वकीलों की ओर से भी इस



तरह के सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लिया जाएगा। कार्यक्रम में पावटा तहसील ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष राजेश शर्मा और शिक्षाविद गजानन्द टीलावत विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। राजेश शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी संस्कृति में पशु-पक्षियों की सेवा को बहुत महत्व दिया गया है। इस दौरान वॉइस चेयरमैन नरपत सिंह शेखावत, एडवोकेट लोकेश शर्मा, एडवोकेट बीएल आर्य, बालाजी पावटा मंडल महामंत्री हितेंद्र लाटा, एडवोकेट हजारी लाल यादव, सरपंच राजू जाट, फौजी जगदीश सेन, समाज सेवी कैलाश चंद शर्मा और ठेकेदार महावीर चावला आदि ने कार्यक्रम में भाग लिया। सभी ने इस अभियान की सराहना की और इसे सफल बनाने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## राजस्थान के 5000 युवा मित्र देश सेवा के लिए तत्पर



### पाकिस्तान की नापाक हरकतों को रोकने के लिए मर मिटने को तैयार

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** राजस्थान के 5000 युवा मित्रों ने एक बड़ा फैसला लिया है, जिसमें उन्होंने देश की सेवा के लिए अपने आपको झोंकने की बात कही है। ये युवा मित्र पहले राजस्थान के आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग में कार्यरत थे, लेकिन पिछले डेढ़-दो साल से बेरोजगारी का सामना कर रहे हैं। युवा मित्र संघर्ष समिति जिला कोटपूतली-बहरोड़ के जिलाध्यक्ष विकास यादव ने बताया कि राष्ट्र हित सर्वोपरि है और 5000 युवा मित्र देश की सेवार्थ मर मिटने को भी तैयार हैं। उन्होंने वर्तमान हालातों का जिक्र करते हुए कहा कि हम पाकिस्तान की नापाक हरकतों को रोक कर ही दम लेंगे। युवा मित्रों का ये फैसला दिनभर सोशल मीडिया पर भी छाया रहा और लोगों ने उनके जज्बे की सराहना की। युवा मित्रों ने कहा कि उन्हें मात्र एक आदेश की देर है और वे देश की सेवा के लिए पूरी तरह तैयार हैं। युवा मित्रों ने बताया कि वे पिछले डेढ़-दो साल से बेरोजगारी का सामना कर रहे हैं और उनकी मांग है कि उन्हें पुनः बहाल किया जाए। लेकिन अब उन्होंने देश की सेवा के लिए अपने आपको झोंकने का फैसला लिया है। राजस्थान के 5000 युवा मित्र देश की सेवा के लिए पूरी तरह तैयार हैं और वे पाकिस्तान की नापाक हरकतों को रोकने के लिए मर मिटने को तैयार हैं। उनका कहना है कि राष्ट्र हित सर्वोपरि है और वे देश की सेवा के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं।

## डी पी एस, उदयपुर, प्रांगण बना ममतामय



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** माँ और बच्चे का रिश्ता बेहद खास होता है। माँ के समर्पण और प्रेम के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर के प्रांगण में कक्षा पाँच के विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के साथ आज मातृ दिवस मनाया। विद्यालय में उपस्थित विद्यार्थियों की माताओं का स्वागत तिलक, कार्ड, बैज व विद्यार्थी परिषद् के छात्रों ने अपनी करतल ध्वनि से किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ईश पूजा और वंदना से किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी माँ को खास महसूस कराने के लिए नृत्य, संगीत, भाषण और कविताओं की शानदार प्रस्तुति दी। अपने बच्चों की मनभावन प्रस्तुतियों से माताएँ आनंदविभोर हो गई। कई मनोरंजक खेलों के माध्यम से माताओं की प्रतिभा बच्चों के सामने उजागर की गई। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर उपहार के रूप में माताओं को अपने हाथों से बनाई हुई फोटो फ्रेम दी। प्रबंधन समिति की सदस्या श्रीमती अशिता अग्रवाल ने सभी माताओं को अपनी शुभकामनाएं दीं और एक माँ की विभिन्न भूमिकाओं के बारे में बताया । विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री संजय नरवारिया जी ने उपस्थित सभी माताओं का स्वागत करते हुए कहा कि माँ का स्थान कोई नहीं ले सकता। प्रधानाध्यापिका श्रीमती वरुश्री बनर्जी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों को संदेश दिया कि आप सभी को ध्यान रखना हैं कि आपके कारण आपकी माँ की आँखों में आँसू न आए।

## वरिष्ठ समाजसेवी सुरूर अहमद ने सरकार व सेना की प्रशंसा की

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (बाबू अंसारी)।** भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव एवं भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान की ओर से किए जा रहे हमलों का मुंहतोड़ जवाब दिए जाने का हर ओर स्वागत हो रहा है। इसी के साथ पाकिस्तान द्वारा आवासीय इलाकों को टारगेट किए जाने की निंदा हो रही है। इसी कड़ी में आज यहां जारी एक बयान में वरिष्ठ समाजसेवी एवं स्टार जैम्स के मेनेजिंग डायरेक्टर सुरूर अहमद ने भारतीय सैनिकों की प्रशंसा करते हुए आतंकवाद का समूल खत्मा किए जाने तथा पाकिस्तान को इस संदर्भ में दिए जा रहे करारे जवाब का स्वागत किया है। सुरूर ने कहा कि भारत ने जो आतंकवादियों के खिलाफ सैनिक कार्रवाई की जा रही है उसका हम स्वागत करते हैं, अपनी सेना पर हमें गर्व है और हम सेना को मुबारकबाद देते हैं।

उन्होंने कहा-आतंकवादी ठिकानों का पूरी तरह खात्मा होना चाहिए। वे बोले-जब तक आतंकवाद का पूरी तरह से खात्मा ना हो जाए और उसे अंजाम तक पहुंचाने तक भारत को सख्त कार्रवाई जारी रखना चाहिए,अब अधूरा छोड़ना नहीं चाहिए।

### हर भारतीय गौरवान्वित, सेना पर हमें गर्व

सुरूर अहमद ने कहा- भारतीय सेना के आपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर आतंक पर कड़ा प्रहार किया है। भारतीय सेना और भारत सरकार के साथ हम मजबूती से खड़े हैं। उन्होंने कहा- पहलागम में 26 निर्दोष लोगों की जब से आतंकियों ने निर्मम हत्या की तबसे पूरे देश में आवाज उठ रही थी। हमारी सेना के ऑपरेशन सिंदूर का हर भारतीय समर्थन करता है, हर भारतीय गौरवान्वित है, हमारी सेना के ऊपर हमें गर्व है। सुरूर अहमद ने कहा- आतंकवाद हमेशा के लिए समाप्त होना चाहिए। इस तरह की हर कार्रवाई में हम सब साथ में हैं। सेना जो कर रही है वो अच्छा कर रही है। हम साथ हैं, आतंकवाद का हमेशा के लिए सफाया होना चाहिए।

# फोर्टी ने बुलाई आपात बैठक

## व्यापारियों को जमाखोरी और मुनाफाखोरी से बचने की सलाह

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध के हालातों को देखते हुए बाजार में मुनाफाखोरी की खबरों को सरकार और प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। इस बीच फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री ने विभिन्न व्यापारिक संगठनों की आपात बैठक बुलाकर सभी व्यापारियों को संकट के इस दौर में जमाखोरी और मुनाफाखोरी से बचने की सलाह दी है।

फोर्टी कार्यालय में अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल के नेतृत्व में विशेष बैठक बुलाई गई। इसमें सुरेश अग्रवाल ने खुदरा व्यापार से जुड़े व्यापारियों को हिदायत दी गई कि बेवजह कृत्रिम किल्लत बताकर उपभोक्ता वस्तुओं के दाम नहीं बढ़ाए जाएं। सुरेश अग्रवाल का कहना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत है और पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना की कार्रवाई से अर्थव्यस्था पर कोई विपरीत असर नहीं पडेगा। हमारे पास उपभोक्ता वस्तुओं का पर्याप्त भंडार है। फोर्टी का मानना है कि बिना किसी ठोस कारण के जमाखोरी या मुनाफाखोरी करना वर्तमान परिस्थितियों में अनैतिक है। फोर्टी की ओर से सभी व्यापारियों से अपील की जाती है कि यदि दाल और खाद्य तेल के आयात में कमी भी आती है तो देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए व्यापारी अपने प्रॉफिट मार्जिन को कम करें और उपभोक्ताओं पर महंगाई का असर नहीं पड़ने दें, क्योंकि उपभोक्ताओं में वो सैनिक परिवार भी शामिल हैं, जिनके लाडले सीमा पर दुश्मनों से लोहा ले रहे हैं।




बैठक में फोर्टी के मुख्य सचिव नरेश सिंघल, सुरेश सैनी, अनुराग खेतान, यूथ विंग अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, वुमन विंग अध्यक्ष नीलम मित्तल, अतिरिक्त महासचिव विनोद शर्मा, उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल स्टेशन रोड व्यापार मंडल के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, न्यू सांगानेर रोड व्यापार मंडल के महामंत्री पंकज शर्मा, मनिहारों का रास्ता के अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रधान, आदर्श बाजार व्यापार मंडल के महामंत्री कालू शर्मा, सदस्य अभिषेक गुप्ता,शामिल हुए।

## जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर फील्ड में उतरे अधिकारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर जिले के उपखंड अधिकारियों तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार शनिवार को फील्ड में उतरे एवं उपखंड के बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन सहित अन्य भी ?भा ? वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने आमजन से संवाद किया एवं उन्होंने किसी भी आपात स्थिति के लिए सतर्क रहने, प्रशासन का सहयोग करने, गाइडलाइन की पालना करने एवं अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की। साथ ही अधिकारियों ने क्षेत्र के चिकित्सालयों, स्वास्थ्य केन्द्रों एवं ब्लड बैंकों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सा अधिकारियों, नर्सिंग कर्मियों, रक्त, दवाओं, चिकित्सकीय उपकरणों की उपलब्धता सहित अन्य अन्य आवश्यक इंतजामों का जायजा लिया।

## फर्जी पट्टा बनाने वाला जयपुर नगर निगम हेरिटेज का उप रजिस्ट्रार गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुरलीपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फर्जी पट्टा बनाने वाले जयपुर नगर निगम हेरिटेज में कार्यरत उप रजिस्ट्रार को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपित उप रजिस्ट्रार से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि मुरलीपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फर्जी पट्टा बनाने वाले जयपुर नगर निगम हेरिटेज में कार्यरत उप रजिस्ट्रार (जन्म एवं मृत्यू) 35 वर्षीय खेमराज शर्मा निवासी जामडोली जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। थानाधिकारी वीरेन्द्र कुरील ने बताया कि पीडिता भंवरी देवी निवासी सीकर रोड मुरलीपुरा जयपुर ने आरोपित मगी देवी व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था कि विवादित प्लॉट



संख्या 10 ए जय चामुंडा कॉलोनी मुरलीपुरा जयपुर का नगर निगम जयपुर का फर्जी पट्टा जारी कर कार्यालय उप पंजीयक कार्यालय आमेर में पंजीबद्ध करवा लिया है। जिस पर बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कानाराम सैनी गिरफ्तार किया गया था। जांच पड़ताल करते हुए फर्जी पट्टा जारी करने वाले नगर निगम कर्मचारी खेमराज शर्मा हाल नगर निगम में हेरिटेज में कार्यरत होने के दौरान उक्त फर्जी पट्टा कानाराम सैनी से दो लाख लेकर जारी कर दिया था।

## पंचायतीराज संस्थाओं के उपचुनाव प्रत्याहरित

जयपुर, 10 मई। पंचायतीराज संस्थाओं में 31 दिसम्बर, 2024 तक रिक्त हुए पदों के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा उपचुनाव करवाए जाने की घोषणा की गई थी। जिन्हें वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रत्याहरित किया गया है।

राज्य निर्वाचन अधिकारी एवं सचिव श्रीमती नलिनी कठोतिया ने बताया कि पंचायतीराज संस्थाओं के रिक्त हुए पदों पर उपचुनाव की घोषणा की गई थी। वर्तमान परिस्थितियों के मध्यनजर एवं जन धन को किसी प्रकार की क्षति व नुकसान न हो, को ध्यान में रखते हुए उक्त उपचुनाव कार्यक्रम को प्रत्याहरित किया गया है।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में शनिवार को आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला वर्तमान में देश में आपातकालीन स्थितियों को ध्यान में रखते हुए आयोजित की गई, जिसमें सभी अधिकारी, कर्मचारी और छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा के आवश्यक कौशल को सिखाया गया।

इस कार्यशाला में Emergency Preparedness and Human Behaviour विषय पर राजस्थान विश्वविद्यालय के सहायक आचार्य निशान्त कुमार स्वामी द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। उन्होंने आपातकालीन परिस्थितियों में मानव व्यवहार और बचाव की रणनीतियों पर विस्तृत जानकारी दी।कार्यशाला के दौरान कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने आत्मरक्षा के महत्व पर जानकारी देते हुए कहा कि आत्मरक्षा का प्रशिक्षण न केवल शारीरिक सुरक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि मानसिक दृढ़ता और आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है।कार्यशाला का उद्देश्य सभी को न केवल आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए तैयार करना था, बल्कि उन्हें अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना भी था। इस आयोजन ने संस्थान के सामूहिक प्रयासों को और अधिक मजबूत किया है, जो कि भविष्य में आत्मरक्षा और आपातकालीन तैयारी के समय और अधिक प्रभावी होंगे।

आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला के राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान से कॉर्डिनेटर डॉक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कार्यशाला में संस्थान के समस्त शिक्षक, चिकित्सक, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया और आत्मरक्षा से संबंधित विभिन्न तकनीकों और उपायों को सीखा।

## सांभर लेक में राष्ट्रीय लोक अदालत में 217 प्रकरणों का निस्तारण 2,11,40,988/- रुपयों का हुआ अवार्ड पारित

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा (नि.स.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) अजीत कुमार हिंगर, जयपुर जिला के निर्देशानुसार इस साल की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार को न्यायालय परिसर, सांभर लेक में अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्र.स. 1, अरविंद कुमार जांगिड़ की अध्यक्षता में किया गया। ए.डी.जे.-1 जांगिड़ ने लगभग 23 वित्तिय संस्थाओं के प्री लिटिगेशन प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई करते हुए सुलह वार्ता कर पक्षकारान के बीच सुलह करवाई।

जिसमें बैंकों, विधुत विभाग व अन्य वित्तिय संस्थाओं के 50 प्री लिटिगेशन प्रार्थना पत्र निस्तारित हुए। तालुका विधिक सेवा समिति सांभर लेक के सचिव सुशील कुमार गौतम एवं लिगल एड असिस्टेंट चान्दमल सांभरिया ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए सांभर लेक न्याय क्षेत्र में अवस्थित न्यायालयों के लिए अलग अलग बैंचों का गठन किया गया था। प्रथम बैंच नं. 12 न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्र.सं. 1/2 सांभर लेक के लम्बित प्रकरणों व प्री लिटिगेशन की पत्रावलियों के लिए गठित की गई थी। जिसकी अध्यक्षता ए.डी.जे.-1 अरविंद कुमार जांगिड़ द्वारा की गई व सदस्य अधिवक्ता रतन लाल चौधरी रहे। द्वितीय बैंच नं. 13 न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सांभर लेक/ जोबनेर, सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, ग्राम न्यायालय सांभर लेक के प्रकरणों के लिए गठित बेंच में अध्यक्ष डॉ0 ऋचा कौशिक, वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सांभर लेक व सदस्य अधिवक्ता राहुल वीर रहे। तालुका विधिक सेवा समिति सांभर लेक के तत्वावधान में आयोजित इस राष्ट्रीय लोक अदालत में 217 प्रकरणों का आपसी राजीनामा के जरिए निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर वाहन दुर्घटना अधिकरण के प्रकरणों में राजीनामा से फैसला दिया गया। सचिव सुशील कुमार गौतम ने बताया कि मोटर वाहन दुर्घटना अधिकरण के मामलों में अदालत की ओर से 71,45,000/- रुपयों का अवार्ड पारित किया गया। इसके अलावा 50 प्री लिटिगेशन के मामलों में 1,01,80,711/- तथा अन्य प्रकरणों में 38,15,277/- तीनों मिलाकर कुल 2,11,40,988/- अक्षरें दो करोड़ ग्यारह लाख चालीस हजार नौ सौ इठयासी रुपये के अवार्ड पारित किये गये।

## बाल संस्कार केंद्र में मनाई गई महाराणा प्रताप जयंती




बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली। बिल्लूराम सैनी)** सेवा भारती समिति कोटपूतली द्वारा संचालित महाराणा प्रताप बाल संस्कार केंद्र आदर्श नगर पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।जिला स्वास्थ्य आयाम प्रमुख भूपेंद्र सोनी ने इस अवसर पर बच्चों को महाराणा प्रताप के जीवन, उनके साहस, आत्मबलिदान और मातृभूमि के प्रति प्रेम की प्रेरणादायक कहानियाँ सुनाई गईं।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान से हुई। इसके पश्चात बच्चों ने महाराणा प्रताप पर आधारित कविताएँ, नाटक और भाषण प्रस्तुत किए। वक्ताओं ने बताया कि महाराणा प्रताप न केवल एक महान योद्धा थे, बल्कि वे स्वाभिमान और स्वतंत्रता के प्रतीक भी हैं।

बाल संस्कार केंद्र पर आने वाली बालिका पीहू सैनी ने महाराणा प्रताप का चित्र बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया

सेवा भारती समिति के कार्यकर्ताओं ने बच्चों को उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में देशभक्ति, संस्कार और चरित्र निर्माण की भावना को प्रबल करना था।अंत में सभी बच्चों को प्रसाद वितरित किया गया और सामूहिक जयघोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## PNB ने किया वित्तीय साक्षरता और साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजन

### जिले भर के पुलिस अधिकारी हुए शामिल



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली। (बिल्लूराम सैनी)** कस्बे के एलीट फाउंडेशन में पंजाब नेशनल बैंक द्वारा एक महत्वपूर्ण वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न थाना अधिकारियों एवं पुलिस कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य इन अधिकारियों और कर्मचारियों को आमजन को वित्तीय सुरक्षा हेतु जागरूक करने व वित्तीय धोखाधड़ी से बचाने की ट्रेनिंग देना रहा।इस दौरान बैंक अधिकारियों ने डिजिटल लेन-देन में सुरक्षा, ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव और बैंकिंग से जुड़ी आधुनिक तकनीकों पर विस्तृत जानकारी दी। साइबर सुरक्षा के विशेष सत्र में अधिकारियों को नए तरीकों से हो रही साइबर ठगी के बारे में बताया गया और इससे बचने के उपाय सुझाए गए।कार्यक्रम में एलडीएम डीडीएम सहित कोटपूतली, बानसूर, विराटनगर, बहरोड़ के थाना अधिकारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली तथा महिला थाना कोटपूतली की सहभागिता रही। सभी उपस्थित अधिकारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित होने चाहिए ताकि पुलिस बल और आम नागरिक दोनों सुरक्षित बैंकिंग कर सकें।

## नगरीय निकायों के उपचुनाव आस्थगित

**जयपुर।** नगर निकायों में 31 जनवरी, 2025 तक रिक्त हुए पदों के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा उपचुनाव करवाए जाने की घोषणा की गई थी। जिन्हें वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए आस्थगित किया गया है। राज्य निर्वाचन अधिकारी एवं सचिव श्रीमती नलिनी कठोतिया ने बताया कि नगरीय निकायों के रिक्त हुए पदों पर उपचुनाव की घोषणा की गई थी।

## सहयोग, समन्वय, समझदारी एवं जागरुकता हर आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने शनिवार को जयपुर जिले के विभिन्न व्यापार मंडलों के पदाधिकारियों से चर्चा की। जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि आपसी सहयोग, समन्वय, समझदारी एवं जागरुकता से किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सकता है।

बैठक में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को व्यापार संघ के पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर सक्षम जयपुर अभियान के तहत अधिक से अधिक नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने पदाधिकारियों से आवश्यक होने पर ब्लैक आउट के व्यापार संघों से सहयोग करने, स्वतः ही लाइट बंद करने एवं अन्य लोगों को भी ब्लैक आउट को सफल बनाने में सहयोग के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की।

## राष्ट्रीय लोक अदालत - राजस्व मंडल में 622 प्रकरणों का निस्तारण

**जयपुर।** राजस्व मंडल के स्तर से शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 622 राजस्व प्रकरणों का निस्तारण किया जा सका। इस लोक अदालत के लिए कुल 455 समझाइश योग्य प्रकरण चिह्नित किये गये थे। राजस्व मंडल न्यायिक सदस्य श्री पुरुषोत्तम लाल सैनी एवं सदस्य डॉ.एसपी सिंह की मौजूदगी में विशेष बेंच के जरिए से न्याय की आस लगाए बैठे पक्षकारों को राहत मिल पायी।

## रात्रि के समय मकान में घुस कर नकदी व जेवरात चोरी की वारदात का खुलासा

### कोटपूतली थाना पुलिस ने नकबजनी की वारदात करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली। (बिल्लूराम सैनी)** स्थानीय थाना पुलिस ने विगत 6 व 7 मई की मध्य रात्रि को कस्बे के डाबला रोड़ स्थित भागीरथ एनक्लेव में एक मकान में हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुये अभियुक्त को गिरफ्तार कर माल बरामद किया है। एसएचओ राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुये बताया कि इस सम्बंध में परिवादी ने दर्ज कराया था कि 6 मई की रात्रि को परिवार सहित खाना खाकर सो गये थे। सुबह उठ कर देखे तो एक कमरे का दरवाजा खुला हुआ



41 किलो 300 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा सहित दो तस्करों को धर-दबोचा।

था तथा सामान भी बिखरा हुआ था।

जिसमें सोने का मंगल सूत्र, एक घड़ी, पर्स में रखी 20-20 रूपयों की नोटों की गड्डी सहित अन्य नकदी गायब थी।

इस सम्बंध में पुलिस ने मामला दर्ज करते हुये जांच शुरू की, साथ ही आसपास के सीसीटीवी फुटेज जांच करते हुये 24 घण्टे के भीतर वारदात के अभियुक्त नासिर (20) पुत्र मुस्तफा अली पठान निवासी सुल्तानपुर पट्टी, थाना बाजपुर जिला उधमसिंह नगर उत्तराखण्ड हाल निवासी रजा मस्जिद के पास, थाना स्वार जिला रामपुर (उत्तरप्रदेश) को गिरफ्तार करते हुये वारदात में चोरी किया गया माल बरामद कर लिया। प्रकरण में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये अभियुक्त से गहनता से पुछताछ की जा रही है।

**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT BHUWALA PS DHOD**

No. 28 Date : 09.05.2025

**Notice Inviting Bid**

Bids for MATERIAL SUPPLY IN GRAM PANCHAYAT BHUWALA PS DHOD FOR MGNREGA AND OTHER SCHEME IN FINANCIAL YEAR 2025-26 are Invited From interested bidders up to 18:00 PM on 20.05.2025 are other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in of the state.

NIB: PIR2526A0063
UBN : PIR2526GLRC00067

**SARPANCH** **VDO**
**G.P. BHUWALA** **G.P. BHUWALA**

## सम्पादकीय

# उत्पादकता बढ़ाने की कवायद

भारत ने हाल ही में चावल की दो जीनोम-संवर्धित किस्में जारी की हैं और यह कृषि क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। साइट डायरेक्टेड न्यूक्लिएज 1 (एसडीएन1) जीनोम परिवर्तन तकनीक की मदद से विकसित डीआरआर धान 100 (कमला) और पूसा डीएसटी राइस 1 नामक ये किस्में न केवल 30 फीसदी तक अधिक पैदावार का वादा करती हैं बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा, पर्यावरण को हानि तथा क्षेत्रीय कृषि असंतुलन जैसी चुनौतियों से निपटने में भी मददगार साबित हो सकती है। चावल की ये दोनों किस्में अपनी मूल किस्मों यानी क्रमशः सांबा मंसूरी (बीपीटी 5204) और कॉटनडोरा सन्नालू (एमटीयू-1010) की तुलना में बेहतर परिणामों का वादा करती हैं। एक बात जो इन दोनों नई किस्मों को अधिक आकर्षक बनाती है वह है तैयार होने की 15 से 20 दिन की कम अवधि। इसके चलते फसलों को जल्दी बदला जा सकता है और जमीन का अधिक किफायती इस्तेमाल संभव हो सकता है।

इससे भी महत्त्वपूर्ण बात यह है कि पानी की कम जरूरत और उच्च नाइट्रोजन-उपयोग दक्षता भारतीय कृषि की एक बड़ी चुनौती को हल कर सकता है, जो है भूजल का अत्यधिक दोहन। खासकर पंजाब और हरियाणा जैसे क्षेत्रों में। ये दोनों राज्य चावल के बड़े उत्पादक हैं और भूजल की सबसे अधिक क्षति वाले राज्यों में भी यही शामिल हैं क्योंकि यहां दशकों से धान की खेती हो रही है जिसमें बहुत अधिक पानी की आवश्यकता होती है। ये जीनोम-संवर्धित चावल की किस्में सूखे से काफी हद तक सुरक्षित हैं और मिट्टी की खराब स्थिति में भी बची रह सकती हैं। ऐसे में ये पूर्वी उत्तर प्रदेश, तटीय पश्चिम बंगाल और ओडिशा तथा महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में बड़ा बदलाव ला सकती हैं। ये वे इलाके हैं जो ऐतिहासिक रूप से धान की कम उत्पादकता के लिए जाने जाते हैं। ऐसा इन राज्यों में मिट्टी और जलवायु के चुनौतीपूर्ण हालात के कारण है। इन इलाकों में धान की खेती को प्रोत्साहन देने से चावल के उत्पादन क्षेत्र का विस्तार होगा। इससे पारिस्थितिकी पर दबाव कम होगा क्योंकि कुछ इलाकों में धान की अत्यधिक खेती की जाती है। इससे कृषि अर्थव्यवस्था में समता आएगी। महत्त्वपूर्ण बात यह है कि जीनोम-संवर्धित करने की तकनीक मसलन एसडीएन1 आदि पारंपरिक जीन संवर्धित प्रणाली से अलग है क्योंकि इसमें बाहरी डीएनए नहीं शामिल किया जाता। इसका अर्थ यह हुआ कि नियामकीय और नैतिक स्तर पर बहुत बाधाएं नहीं होतीं, जनता में इनकी स्वीकार्यता अधिक होती है और इनको अधिक तेजी से अपनाया जा सकता है। विज्ञान के साथ-साथ नीतिगत व्यवस्था को उन्नत बनाने की आवश्यकता है। सरकारी खरीद करने वाली एजेंसियों को इन किस्मों को चिह्नित करना चाहिए और उन्हें सरकारी खरीद तथा वितरण प्रक्रिया में शामिल किया जाना चाहिए। किसानों को प्रशिक्षित करने तथा खेत के स्तर पर इनके इस्तेमाल के स्पष्ट दिशानिर्देश जारी करके जैव सुरक्षा चिंताओं को दूर किया जा सकता है। देश की जरूरतों को देखते हुए हमें जीन संवर्धित फसलों पर अपने रुख की समीक्षा करनी चाहिए। साल 2022 में सरकार ने जीएम मस्टर्ड हाइब्रिड, डीएमएच-11 को मंजूरी दी थी। यह एक ऐतिहासिक कदम था जहां जीन संवर्धित फसलों को लेकर सकारात्मकता दिखाई गई थी। समुचित नियमन और वैज्ञानिक पारदर्शिता के साथ जीएम फसलें उत्पादकता बढ़ा सकती हैं। इनसे जैविक दबाव को लेकर प्रतिरोध कम हो सकता है और इनपुट की लागत कम हो सकती है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि वे जीएम फसलों पर एक राष्ट्रीय नीति तैयार करें। सरकार को इस बारे में समूची संभावनाओं को भी खंगालना चाहिए। इतना ही नहीं जैव प्रौद्योगिकी की संभावनाओं का लाभ लेने के लिए भारत को कृषि शोध एवं विकास में निवेश बढ़ाना चाहिए, जैव प्रौद्योगिकी संस्थाओं के लिए संस्थागत सहायता बढ़ानी चाहिए और जलवायु के प्रति टिकाऊपन को खाद्य सुरक्षा नीतियों में शामिल करना चाहिए।

## आज का इतिहास – बढ़ता राजस्थान

### 11 मई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1. 1995 – परमाणु अप्रसार संधि स्थायी बनी
  24 दिनों तक चले संयुक्त राष्ट्र महासभा के सम्मेलन के बाद परमाणु अप्रसार संधि को अनिश्चित काल तक के लिए बढ़ा दिया गया। यह वैश्विक स्तर पर परमाणु हथियारों के नियंत्रण की दिशा में एक बड़ा कदम था।
- 2. 1998 – पोखरण में परमाणु परीक्षण
  भारत ने राजस्थान के पोखरण में तीन भूमिगत परमाणु परीक्षण कर विश्व को चौंका दिया। यह परीक्षण 'शक्ति' परियोजना के अंतर्गत किए गए थे और देश की रक्षा नीति में मील का पत्थर साबित हुए। इस ऐतिहासिक दिन को ही राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस घोषित किया गया।
- 3. 2000 – भारत की जनसंख्या एक अरब के पार
  11 मई 2000 को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में जन्मी एक बच्ची 'आस्था' को भारत का एक अरबवाँ नागरिक माना गया। यह घटना देश की जनसंख्या नीति और विकास योजनाओं के लिहाज से अहम थी।
- 4. 2001 – भारत ने अमेरिकी मिसाइल रक्षा प्रणाली का समर्थन किया
  भारत ने अमेरिका की मिसाइल डिफेंस प्रणाली (स्ष्ठक्क) को समर्थन दिया। इसी वर्ष अमेरिकी संसद ने संयुक्त राष्ट्र को अपनी देय राशि रोक दी थी।
- 5. 2002 – बांग्लादेश नाव दुर्घटना
  बांग्लादेश में एक भयावह नाव दुर्घटना में 378 लोगों की मृत्यु हुई, जो उस दशक की सबसे भीषण समुद्री दुर्घटनाओं में से एक थी।
- 6. 2005 – बगलिहार परियोजना विवाद पर विश्व बैंक की भूमिका
  भारत-पाकिस्तान के बीच बगलिहार परियोजना पर मतभेद उभरे। इस विवाद को सुलझाने के लिए विश्व बैंक ने एक तटस्थ विशेषज्ञ की नियुक्ति की।
- 7. 2007 – इस्रायल का हमास से जुड़ी पार्टी पर प्रतिबंध
  इस्रायल सरकार ने हमास की राजनीतिक शाखा 'रिफ़ॉर्म एंड चेंज पार्टी' को गैर-कानूनी घोषित किया।
- 8. 2008 – नाटो का दक्षिणी वजीरिस्तान में हमला और वैज्ञानिक खोज
  नाटो सेना ने पाकिस्तान के दक्षिणी वजीरिस्तान क्षेत्र में हमला किया। वहीं, न्यूयॉर्क स्थित कॉर्नेल यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने विश्व का पहला जिनेटिकली मॉडिफाइड मानव भ्रूण तैयार किया।
- 9. 2010 – एस.एच. कपाड़िया भारत के 38वें मुख्य न्यायाधीश बने
- भारत की सर्वोच्च अदालत के वरिष्ठतम न्यायाधीश एस.एच. कपाड़िया ने इस दिन प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। वे 29 सितंबर 2012 तक इस पद पर रहे।
- 10. 2010 – पंचायत चुनावों में आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला
  सर्वोच्च न्यायालय की संवैधानिक पीठ ने स्पष्ट किया कि पंचायत और स्थानीय चुनावों में राज्य सरकारें आरक्षण देने की पात्र हैं।

## विशेष आलेख

# विश्व मातृ दिवसः
# मां धरती पर विधाता की प्रतिनिधि यानी देवतुल्य है



– -ललित गर्ग-

**'मदर्स डे' या मातृ दिवस एक ऐसा महत्वपूर्ण एवं संवेदनात्मक दिन है जो हमें अपनी माताओं के प्यार और बलिदान के लिए धन्यवाद देने और उन्हें सम्मान देने का अवसर देता है। जननी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन का तथा मातृशक्ति की अभिवंदना का यह एक स्वर्णिम अवसर है। माँ की महिमा को उजागर करने का ऐतिहासिक दिन है। सेवा और समर्पण की साक्षात् प्रतिमूर्ति मातृ-शक्ति ने केवल अपनी संतान को ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र को सृजनात्मक एवं रचनात्मक दिशाएँ दी हैं। अपने त्याग और बलिदान से परिवार, समाज और राष्ट्र की अस्मिता को बचाने का हर संभव प्रयत्न किया है। यहाँ तक कि परिवार संस्था की आधारभित्ति भी मातृ-शक्ति के इर्द-गिर्द ही टिकी हुई है। माँ एक चलता-फिरता चमत्कार है। माँ के प्रभाव से अधिक शक्तिशाली कोई प्रभाव नहीं है।**

मातृ दिवस मनाने की अनेक विचारधाराएं एवं मान्यताएं हैं। विश्व के विभिन्न भागों में यह अलग-अलग दिन मनाया जाता है। मदर्ड डे का इतिहास करीब 400 वर्ष पुराना है। प्राचीन ग्रीक और रोमन इतिहास में मदर्स डे मनाने का उल्लेख है। 16वीं सदी में इंग्लैण्ड का ईसाई समुदाय ईशु की माँ मदर मेरी को सम्मानित करने के लिए यह त्योहार मनाने लगा। इस दिवस को आधिकारिक बनाने का निर्णय पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति वूडरो विलसन ने 8 मई, 1914 को लिया। कुछ लोगों का मानना है कि मदर्स डे कि शुरूआत एक अमेरिकन एक्टिविस्ट एना जार्विस से होती है। एना जार्विस को अपनी माँ से खास लगाव था। माँ के गुजर जाने के बाद एना ने माँ से प्यार जताने के लिए मदर्स डे की शुरूआत की। तब से हर साल मई माह के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जाता है। माँ का प्रेम अपनी संतान के लिए इतना गहरा और अटूट होता है कि माँ अपने बच्चे की खुशी के लिए सारी दुनिया से लड़ लेती है। एक मां का हमारे जीवन में बहुत बड़ा महत्व है, एक मां के बिना ये दुनियां अधूरी है। मदर्स डे सामान्य रूप से माताओं, मातृत्व और मातृ संबंधों को मान्यता देता है, साथ ही उनके परिवारों और समाज में उनके सकारात्मक योगदान को भी दर्शाता है।

मदर्स डे, उन उल्लेखनीय महिलाओं का सम्मान करने का एक हार्दिक उत्सव है जो हमारे जीवन को प्यार, ज्ञान और असीम शक्ति से भर देती हैं। माँ का प्यार किसी भी ताजे फूल से अधिक सुंदर है। एक माँ की खुशी एक प्रकाश स्तंभ की तरह होती है, एक प्रकाशगृह यानी लाइट हाउस, जो भविष्य को रोशन करती है लेकिन प्यारी यादों के रूप में अतीत पर भी प्रतिबिंबित होती है। एक माँ शक्ति और गरिमा से सुसज्जित होती है, भविष्य के बारे में बिना किसी डर के हँसती है। प्रख्यात वैज्ञानिक और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने कहा है कि जब मैं पैदा हुआ, इस दुनिया में आया, वो मेरे जीवन का एकमात्र ऐसा दिन था जब मैं रो रहा था और मेरी मां के चेहरे पर एक सन्तोषजनक मुस्कान थी।' एक माँ हमारी भावनाओं के साथ कितनी खूबी से जुड़ी होती है, ये समझाने के लिए उपरोक्त पंक्तियां अपने आप में सम्पूर्ण हैं। मां का त्याग, बलिदान, ममत्व एवं समर्पण अपनी संतान के लिये इतना विराट है कि पूरी जिंदगी भी समर्पित कर दी जाए तो मां के ऋण से उऋण नहीं हुआ जा सकता है। मां के साथ बिताये दिन सभी के मन में आजीवन सुखद व मधुर स्मृति के रूप में सुरक्षित रहते हैं। इसीलिये एच. डब्ल्यू. बीचर ने कहा कि मां का हृदय बच्चे की पाठशाला है।'

भारतीय संस्कृति में मां का स्थान सर्वोपरि माना गया है। मां को देवतुल्य माना गया है। इसीलिये 'मातृ देवो भवः' यह सूक्त भारतीय संस्कृति का परिचय-पत्र है। ऋषि-महर्षियों की तपः पूत साधना से अभिसिंचित इस धरती के जर्रे-जर्रे में गुरु, अतिथि आदि की तरह माँ भी देवरूप में प्रतिष्ठित रही है। महर्षि वाल्मीकी की यह पंक्ति- 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' जन-जन के मुख से उच्चारित है। प्रारंभ से ही यहाँ 'मातृशक्ति' की पूजा होती आई है। वैदिक परंपरा दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी के रूप में, बौद्ध अनुयायी चिरंतन शक्ति प्रज्ञा के रूप में और जैन धर्म में श्रुतदेवी और शासनदेवी के रूप में माँ की आराधना होती है। लोक मान्यता के अनुसार मातृ वंदना से व्यक्ति को आयु, यश, स्वर्ग, कीर्ति, पुण्य, बल, लक्ष्मी पशुधन, सुख, धन-धान्य आदि प्राप्त होता है। ऐसा कहा जाता है कि भगवान हर किसी के साथ नहीं रह सकता इसलिए उसने माँ को बनाया।

एक माँ हमारे जीवन की हर छोटी बड़ी जरूरतों का ध्यान रखने वाली और उन्हें पूरा करने वाली देवदूत होती है। कहने को वह इंसान होती है, लेकिन भगवान से कम नहीं होती। वह ही मन्दिर है, वह ही पूजा है और वह ही तीर्थ है। तभी ई. लेगोव ने कहा है कि इस धरती पर मां ही ऐसी देवी है जिसका कोई नास्तिक नहीं। यही कारण है कि समूची दुनिया में मां से बढ़कर कोई इंसानी रिश्ता नहीं है। वह सम्पूर्ण गुणों से युक्त है, गंभीरता में समुद्र और धैर्य में हिमालय के समान है। उसका आशीर्वाद वरदान है। जरा कभी मां के पास बैठो, उसकी सुनो, उसको देखो, उसकी बात मानो। उसका आशीर्वाद लेकर, उसके दर्शन करके निकलो। फिर देखो, जो चाहोगे मिलेगा- सुख, शांति, शोहरत और कामयाबी। ध्यान रहे, मां का दिल दुखाने का मतलब ईश्वर का अपमान है। संसार महान् व्यक्तियों के बिना रह सकता है, लेकिन मां के बिना रहना एक अभिशाप की तरह है। इसलिये संसार मां का महिमामंडन करता है, उसके गुणगान करता है। मां शब्द में संपूर्ण सृष्टि का बोध होता है। मां के शब्द में वह आत्मीयता एवं मिठास छिपी हुई होती है, जो अन्य किन्हीं शब्दों में नहीं होती। मां नाम है संवेदना, भावना और अहसास का। मां के आगे सभी रिश्ते बौने पड़ जाते हैं। समाज में मां के ऐसे उदाहरणों की कमी नहीं है, जिन्होंने अकेले ही अपने बच्चों की जिम्मेदारी निभाई। मां रूपी सूरज चरेवैति-चरेवैति का आह्वान है। उसी से तेजस्विता एवं व्यक्तित्व की आभा निखरती है। उसका ताप मन की उम्मीदों को कभी जंग नहीं लगने देता। उसका हर संकल्प मुकाम का अन्तिम चरण होता है। मां को धरती पर विधाता की प्रतिनिधि कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। किंतु वर्तमान परिवेश को देखते हुए यह सवाल अवश्य खड़ा होता है कि क्या आज की माँ जननी की भूमिका का सम्यक् निर्वहन कर रही है? अथवा क्या वे समाजशास्त्रियों के इस अभिमत पर प्रश्नचिन्ह नहीं लगा रही कि बच्चा नागरिकता का पहला पाठ माँ की वात्सल्यमयी गोद में सीखता है।

# राशन कालाबाजारी पर सरकारी सख्ती: जमीनी हकीकत और खोखले वादे



– डॉ सत्यवान सौरभ

**राशन की कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई के दावे एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या ये आदेश सिर्फ कागजों तक सीमित रहेंगे या जमीनी स्तर पर भी असर दिखाएंगे? इतिहास गवाह है कि संकट के समय महंगाई, जमाखोरी और भ्रष्टाचार बढ़ जाते हैं, और प्रशासनिक उदासीनता से हालात और बिगड़ते हैं। असली सुधार के लिए पारदर्शी वितरण, तकनीकी निगरानी और सख्त दंड जरूरी हैं, वरना यह भी महज एक खोखला नारा बनकर रह जाएगा।**

जब भी किसी देश में संकट का साया मंडराता है, सबसे पहले आम जनता पर इसका असर पड़ता है। यह एक कड़वी सच्चाई है कि संकट के दौर में महंगाई, कालाबाजारी और जमाखोरी जैसी समस्याएं आम हो जाती हैं। हाल ही में भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर देशभर में खाद्य पदार्थ, पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कालाबाजारी की खबरें सुर्खियों में हैं। इन मुश्किल हालातों के बीच सरकार ने जमाखोरों और कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कार्रवाई का ऐलान किया है। सवाल यह है कि क्या इन घोषणाओं से वास्तव में कोई फर्क पड़ेगा या फिर यह भी अन्य सरकारी वादों की तरह सिर्फ कागज़ी सख्ती बनकर रह जाएगी?

इतिहास गवाह है कि जब-जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ा है, तब-तब न केवल सीमावर्ती इलाकों में, बल्कि पूरे देश में खाद्य पदार्थों और ईंधन की किल्लत का माहौल पैदा हुआ है। यह समस्या केवल आर्थिक नहीं, बल्कि राजनीतिक भी है। राजनीतिक लाभ के लिए कई बार जमाखोरी और कालाबाजारी को न केवल नजरअंदाज किया जाता है, बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से प्रोत्साहित भी किया जाता है। सरकारें अक्सर महंगाई और किल्लत को राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर सही ठहराती रही हैं। यह एक प्रचलित नीति है कि संकट के समय लोगों का ध्यान भटकाने के लिए देशभक्ति की भावना को उभारा जाता है, लेकिन इसका खामियाजा आम नागरिक को भुगतना पड़ता है।सरकार द्वारा जारी सख्त निर्देशों के बावजूद, जमीनी स्तर पर इनका क्रियान्वयन हमेशा से एक बड़ी चुनौती रहा है। आमतौर पर, प्रशासनिक अधिकारी इन्हें गंभीरता से नहीं लेते या फिर स्थानीय व्यापारियों और नेताओं के दबाव में आंखें मूंद लेते हैं। यह एक खुला राज है कि कालाबाजारी करने वाले अक्सर राजनीतिक संरक्षण में फलते-फूलते हैं। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या सिर्फ आदेश जारी कर देने से समस्या का समाधान हो जाएगा? क्या प्रशासनिक मशीनरी अपने काम में पारदर्शिता और ईमानदारी से कार्य करेगी या फिर यह भी केवल फाइलों में बंद होकर रह जाएगा? जब जमाखोरी होती है, तो इसका सबसे बुरा असर आम जनता पर पड़ता है। महंगाई आसमान छूने लगती है, जरूरी वस्तुएं बाजार से गायब हो जाती हैं, और लोगों को मजबूरी में अधिक कीमत चुकानी पड़ती है। सरकारें राहत पैकेज और सस्ते राशन की योजनाएं तो बनाती हैं, लेकिन उनका लाभ ज़रूरतमंदों तक पहुंचना अक्सर एक चुनौती बन जाता है। इसके पीछे केवल भ्रष्टाचार ही नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर जागरूकता की कमी भी एक बड़ी समस्या है। गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को इसका सबसे अधिक खामियाजा उठाना पड़ता है। सरकार ने साफ कर दिया है कि जमाखोरी और कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई होगी, लेकिन क्या यह वादा हकीकत में बदल पाएगा? क्या सरकारी तंत्र इस बार वाकई में सख्त रुख अपनाएगा या फिर यह भी अन्य सरकारी निर्देशों की तरह समय के साथ फीका पड़ जाएगा? वास्तविक सुधार तभी संभव है जब सरकार अपने सख्त निर्देशों को जमीनी हकीकत में बदलने के लिए ठोस

# सेना के साथ खड़ा भारत, सत्ता के लिए लड़ता पाकिस्तान

हाल के वर्षो में भारतीय राजनीति में जिस तरह से सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच हर मुद्दे पर तलवारें खींची नजर आती थी,उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जिस तरह से दोनों धड़ों में एकजुटता देखने को मिल रही है,उससे देश की आम जनता काफी खुश है,वहीं पाकिस्तान में इसके उलट नजारा नजर आ रहा है। पड़ोसी मुल्क में विपक्ष लगातार प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को कोसने और उन्हें नाकाबिल नेता साबित करने में लगा है। मोदी और शरीफ की तुलना शेर और सियार के रूप में की जा रही है।

बहरहाल,भारत के लिये यह सुखद है कि आतंकवाद के खिलाफ मोदी सरकार के हर कदम पर विपक्ष बिना किसी शर्त के पूरी मजबूती से खड़ा है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसके जवाब में भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद पूरे राजनीतिक परिदृश्य में एक अद्भुत परिवर्तन देखा गया है। विपक्षी दलों ने इस बार न केवल सरकार का समर्थन किया बल्कि सेना के साहस और कार्रवाई की खुलकर सराहना की। इससे पहले उरी और पुलवामा हमलों के बाद जिस तरह से कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने सवाल उठाए थे, और बीजेपी ने उन्हें राष्ट्र विरोधी खांचे में रखकर सियासी नुकसान पहुंचाया था, उस पृष्ठभूमि में यह बदलाव बेहद अहम है। यह न केवल राजनीति की परिपक्वता को दर्शाता है, बल्कि यह भी बताता है कि देश की सुरक्षा के मुद्दे पर भारत अब एक स्वर में बोल रहा है।



– संजय सक्सेना

गौरतलब हो, 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया था। इस हमले ने न केवल आम जनता की भावनाओं को आहत किया, बल्कि विपक्षी दलों के लिए भी एक चुनौती खड़ी कर दी थी कि वे इस मुद्दे को किस रूप में लें। कांग्रेस और अन्य प्रमुख दलों ने बिना देर किए केंद्र सरकार को बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा की। इससे भी बड़ी बात यह थी कि उन्होंने सुरक्षा और खुफिया तंत्र की संभावित चूक का मुद्दा उठाने के बावजूद, इसे राजनीति का विषय नहीं बनने दिया। यह देश की एकता और संप्रभुता की रक्षा के लिए विपक्ष का एक परिपक्व और जिम्मेदार रवैया था।

भारतीय सेना ने इस हमले के जवाब में पाकिस्तान में स्थित आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत सटीक और प्रभावशाली कार्रवाई की। सेना की इस जवाबी कार्रवाई को विपक्ष की ओर से न केवल समर्थन मिला बल्कि सराहना भी हुई। कोई सवाल नहीं, कोई प्रमाण की मांग नहीं, कोई राजनीतिक बयानबाजी नहीं बस एक सुर में सरकार और सेना के साथ खड़े रहने की भावना। 'भारत माता की जय' और 'जय हिंद' के नारों के साथ विपक्षी नेता भारतीय सेना के साथ नजर आए। यह एक ऐसी तस्वीर थी जो 2016 के उरी हमले या 2019 के पुलवामा हमले के बाद नजर नहीं आई थी।

उरी हमले के बाद जब भारतीय सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक की थी, तो कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने उस पर सवाल उठाए थे। बीजेपी ने इस मुद्दे को राष्ट्रवाद बनाम राष्ट्र विरोधी के तौर पर पेश करके राजनीतिक लाभ उठाया था। ठीक ऐसा ही पुलवामा के बाद बालाकोट एयर स्ट्राइक के दौरान हुआ था। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने सबूत मांगे थे, जिसके चलते पार्टी को व्यापक आलोचना का सामना करना पड़ा था। राहुल गांधी ने भी सेना के शौर्य पर विश्वास जताने के साथ-साथ पीएम मोदी पर जवानों के बलिदान की राजनीति करने का आरोप लगाया था। इन बयानों से कांग्रेस को चुनावी मैदान में भारी नुकसान उठाना पड़ा था, लेकिन इस बार कहानी बदली हुई है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
बच्चों के साथ खेलना बहुत अच्छा और सुकून देने वाला अनुभव रहेगा। आज आप काफ़ी पैसे बना सकते हैं- लेकिन इसे अपने हाथों से फिसलने न दें। दोस्तों के साथ शाम को घूमने बाहर जाएँ, इससे आपको बहुत फ़ायदा होगा।

### वृष
ज़िंदगी की ओर उदास नज़रिया रखने से बचें। अगर आप आय में वृद्धि के स्रोत खोज रहे हैं, तो सुरक्षित आर्थिक परियोजनाओं में निवेश करें। आकस्मिक अच्छी ख़बर आपके पूरे परिवार के लिए ख़ुशी के लम्हे लाएगी।

### मिथुन
अपनी ऊर्जा को व्यक्तित्व-विकास के काम में लगाएँ, जिससे आप और भी बेहतर बन सकें। काफ़ी वक़्त से लंबित बिल और उधार चुका सकेंगे। अपने जीवन-साथी के साथ बेहतर समझ ज़िन्दगी में ख़ुशी, सुकून और समृद्धि लाएगी।

### कर्क
आज आप खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं, जो आपको तन्दुरुस्त बनाए रखेगा। आपका कोई दोस्त आपसे आज बड़ी रकम उधार मांग सकता है, अगर आप उनको यह रकम देते हैं तो आप आर्थिक तंगी में आ सकते हैं। आपका अड़ियल स्वभाव आपके माता-पिता का चैन छीन सकता है।

### सिंह
आउटडोर खेल आपको आकर्षित करेंगे- ध्यान और योग आपको फ़ायदा पहुँचाएंगे। इस राशि के कारोबारियों को आज अपने घर के उन सदस्यों से दूर रहना चाहिए जो आपसे पैसा मांगते हैं और फिर लौटाते नहीं हैं।

### कन्या
अपनी ऊर्जा को व्यक्तित्व-विकास के काम में लगाएँ, जिससे आप और भी बेहतर बन सकें। पैसा अचानक आपके पास अएगा, जो अपके ख़र्चों और बिल आदि को सम्हाल लेगा। अचानक मिली कोई अच्छी ख़बर आपका उत्साह बढ़ा देगी।

### तुला
जैसे ही आप हालात पर पकड़ बनाने की कोशिश शुरू करेंगे, आपकी घबराहट ग़ायब हो जाएगी। जल्दी ही आप पाएंगे कि यह परेशानी साबुन के उस बुलबुले की तरह है, जो छूते ही फूट जाता है।

### वृश्चिक
व्यस्त दिनचर्या के बावजूद सेहत अच्छी रहेगी। लेकिन इसे हमेशा के लिए सच मानने की ग़लती न करें। अपनी ज़िंदगी और सेहत का सम्मान करें। नया आर्थिक क़रार अंतिम रूप लेगा और धन आपकी तरफ़ आएगा।

### धनु
आज आप खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं, जो आपको तन्दुरुस्त बनाए रखेगा। आज आप अपना धन धार्मिक कार्यों में लगा सकते हैं जिससे आपको मानसिक शांति मिलने की पूरी संभावना है।

### मकर
आप अपने सकारात्मक रवैये और आत्मविश्वास की वजह से आस-पास के लोगों को प्रभावित करेंगे। आज आप घर से बाहर तो बहुत सकारात्मकता के साथ निकलेंगे लेकिन किसी कीमती वस्तु के चोरी होने की वजह से आपका मूड खराब हो सकता है।

### कुंभ
आशावादी बनें और उजले पक्ष को देखें। आपका विश्वास और उम्मीद आपकी इच्छाओं व आशाओं के लिए नए दरवाज़े खोलेंगी।

रियल एस्टेट सम्बन्धी निवेश आपको अच्छा-ख़ासा मुनाफ़ा देंगे।

### मीन
कामकाम में आपकी तेज़ी लम्बे समय से चली आ रही समस्या का समाधान कर देगी। अगर आप लोन लेने वाले थे और काफी दिनों से इस काम में लगे थे तो आज के दिन आपको लोन मिल सकता है। आपका गर्मजोशी भरा बर्ताव घर का माहौल ख़ुशनुमा कर देगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# राजस्थान में खाद्य सुरक्षा योजनाः जमीनी हकीकत में जमीन-आसमान का अंतर

## 20 लाख नए नाम जोड़े, न आवंटन बढ़ा, न कोई लेने आ रहा गेहूं

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/जयपुर (राकेश शर्मा)।** एक ओर जहां खाद्य विभाग के आला अफसर खाद्य सुरक्षा योजना में 20 लाख नए नाम जोड़ने का दावा कर रहे हैं, वहीं अफसरों के इस दावे की जमीनी हकीकत में जमीन-आसमान का अंतर सामने आ रहा है, जितने नाम जोड़ने का दावा किया जा रहा है, उस हिसाब से केंद्र ने गेहूं का राज्य का कोटा नहीं बढ़ाया है।

प्रदेशभर में राशन की दुकानों पर नए लाभार्थी भी गेहूं लेने नहीं पहुंच रहे हैं। ऐसे में अब विभाग के अफसरों में भी दबी जुबां से चर्चा हो रही है कि कहीं कागजों में ही नए नाम जोड़ कर वाहवाही तो नहीं लूटी जा रही।



### पहले जितना ही मिल रहा गेहूं

राशन डीलर्स ने बताया कि 20 लाख नाम जोड़ने की सूचनाएं लगातार आ रही हैं। हर महीने उतना ही गेहूं मिल रहा है, जितना पहले के महीनों में मिलता था। हम भी यही सोच रहे थे कि नए नाम जुड़ गए हैं तो गेहूं की मात्रा भी बढ़ेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

### वन नेशन-वन राशन कार्ड भी समस्या

गेहूं वितरण की जमीनी हकीकत जानने के दौरान वन नेशन-वन राशन कार्ड व्यवस्था के तहत दुकानों पर लाभार्थियों के लिए गेहूं का टोटा हो रहा है। ग्रामीण इलाकों के लाभार्थी और दूसरे राज्यों के लाभार्थी गेहूं लेने आते हैं। इन्हें गेहूं देने के बाद दुकान पर पंजीकृत लाभार्थियों के लिए गेहूं बचता ही नहीं है।

### मशीन से लिंक नहीं हो रहा आधार कार्ड

नए लाभार्थियों के सामने यह भी दिक्कत आ रही है कि उनका आधार कार्ड पोस मशीन से लिंक नहीं हो रहा है। क्योंकि विभाग ने अभी तक इसकी अनुमति नहीं दी है। ई-मित्र पर खर्च को देखते हुए लाभार्थी वहां नहीं पहुंच रहे हैं।

### जून का गेहूं मिला 2.10 मीट्रिक टन

योजना के तहत 20 लाख नए नाम जोड़ने के दावे पर अधिकारी और राशन डीलर्स इसलिए भी सवाल उठा रहे हैं कि केंद्र से गेहूं का आंवटन नहीं बढ़ाया गया है। मई में जहां 2.30 हजार मीट्रिक टन गेहूं आवंटित हुआ। वहीं जून में 2.10 हजार मीट्रिक टन गेहूं ही आवंटित हुआ। जबकि योजना में लाभार्थियों की संख्या 4.45 करोड़ है।

### डीलर बोले- नहीं आ रहे नए लाभार्थी

खाद्य सुरक्षा योजना में 20 लाख नए नाम जोड़ने के दावे की बुधवार को जयपुर शहर के जवाहर नगर क्षेत्र में राशन की चार दुकानों पर पड़ताल की गई तो दावे की हकीकत कुछ अलग ही सामने आई।

एक राशन डीलर ने कहा कि हम भी सुन रहे हैं कि योजना में 20 लाख नए नाम जोड़े गए हैं। यहां भी जुड़े होंगे, लेकिन अभी तक पुराने लाभार्थी ही गेहूं लेने आ रहे हैं। कोई नया लाभार्थी अभी तक नजर नहीं आया।

# नशे में धुत पुलिसकर्मियों पर दुल्हन से अभद्रता का आरोप, ग्रामीणों ने पीटा, पुलिस का इनकार

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले के खण्डार थाना क्षेत्र में विगत दिवस सादा वर्दी में गश्त कर रहे नशे में धुत दो पुलिसकर्मियों पर दुल्हन व उसके परिजनों से अभद्रता का आरोप लगाया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के विरोध में ग्रामीणों की ओर से एक कांस्टेबल की पिटाई करने की जानकारी सामने आई है।

हालांकि पिटाई को लेकर पुलिस ने इनकार कर दिया है। सूचना पर देर रात थाना पुलिस व बहरावण्डा खुर्द चौकी के गश्तीदल वाहनों ने पहुंचकर ग्रामीणों से समझाइश कर पुलिसकर्मी को छुड़ाया। तब जाकर मामला शांत हुआ। वहीं इस संबंध में दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई है।

### ग्रामीणों का आरोप, दोनों पुलिसकर्मी नशे में थे धुत

पीपलदा के पूर्व सरपंच मांगीलाल मीना व ग्रामीणों के अनुसार जिले के नारायणपुर टटवाड़ा गांव से बस व कारों में लोग पीपलदा गांव में मिलनी देने तथा नव विवाहित दुल्हन लेने गए थे। रात करीब 10-11 बजे पीपलदा से विदा होने के बाद बस व अन्य कार तो आगे निकल गई, लेकिन दुल्हन की कार रास्ता भटक कर गोठड़ा मोड़ की ओर चली गई। गोठड़ा मोड़ पर सादा वर्दी में बाइक से गश्त कर रहे दो पुलिसकर्मियों से सवाईमाधोपुर जाने का रास्ता पूछा तो उन्होंने गोठड़ा की ओर जाने का रास्ता बता दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि दोनों पुलिसकर्मी नशे में धुत थे। पुलिसकर्मियों ने पीछा कर दुल्हन व कार में बैठे लोगों को रोक अभद्रता की।

### खण्डार थानाधिकारी कहा, आरोप निराधार

इस मामले में खण्डार थानाधिकारी लक्ष्मण सिंह ने आरोपों को निराधार बताया और कहा कि अवैध बजरी खनन व परिवहन की रोकथाम तथा अवैध शराब लेकर जाने वाले फरार आरोपी की तलाश में दो पुलिसकर्मी सादा वर्दी में गश्त कर रहे थे। कार को रुकवाने का इशारा किया तो चालक कार को भगा ले गया। इस पर पीछा कर कार को रोका। बाद में पूछताछ में कार का रास्ता भटकने की बात पर उन्हें छोड़ दिया।

### गांव में दुल्हन ने दी घटना की सूचना

दुल्हन ने घटना की सूचना गांव में दी। इस पर ग्रामीण पिकअप में भरकर मौके पर आए। उन्होंने पुलिसकर्मियों से बात की तो उनसे भी नशे में अभद्र तरीके से बोले। इस पर ग्रामीणों ने एक पुलिसकर्मी की पिटाई कर दी। वहीं दूसरा पुलिसकर्मी भाग गया। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने ग्रामीणों से समझाइश की। तब वे शांत हुए।

# 12 नागरिक सुरक्षा सेवा के लिए प्रभारी एवं सह प्रभारी अधिकारियों की हुई नियुक्ति

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** नियंत्रक नागरिक सुरक्षा एवं जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने नागरिक सुरक्षा अधिनियम, 1968 के तहत 12 नागरिक सुरक्षा सेवाओं के लिए प्रभारी एवं सह प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति की है। अतिरिक्त जिला कलक्टर संतोष कुमार मीणा ने बताया कि मुख्यालय सेवा के लिए नियंत्रक (जिला कलक्टर) नागरिक सुरक्षा को प्रभारी अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है।

बचाव सेवा के लिए अधीक्षण अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जयपुर शहर को प्रभारी अधिकारी तो वहीं, अधिशासी अभियन्ता, सार्वजनिक निमार्ण विभाग, जयपुर शहर को सह प्रभारी अधिकारी के तौर पर जिम्मेदारी दी गई है।

# पानी की मांग को लेकर पंचायत में प्रदर्शन

## एसडीएम के नाम दिया ज्ञापन, आंदोलन की दी चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** दूनी तहसील क्षेत्र के घाड़ कस्बे में पेयजल संकट को लेकर लोगों ने राजीव गांधी सेवा केंद्र पर प्रदर्शन कर एसडीएम के नाम पंचायत समिति देवली के जेईएन और ग्राम पंचायत अधिकारी को ज्ञापन दिया। इसमें चेताया गया कि कुछ दिन पेयजल समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन बड़ा किया जायेगा।

ग्रामीणों ने बताया कि जिले में लोगों को बीसलपुर बांध का शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए करीब चार साल पहले घाड़ कस्बे में जल जीवन मिशन के तहत पानी पहुंचाया गया था। लेकिन अवैध कनेक्शनों की भरमार के चलते कई लोगों के



घरों में पानी पर्याप्त नहीं आ रहा है।बताया जा रहा है इस ग्राम पंचायत में आठ सौ घर हैं, लेकिन ढाई हजार कनेक्शन दे रखे हैं। इसलिए भी पानी कम आता है। रही सही कसर दौलतपुरा एवं धुवां खुर्द जाने वाली 140 एमएम लाइन में अवैध कनेक्शन लेने से हो गई। उससे सबसे ज्यादा पानी कम घाड़ में वार्ड नंबर 6 में है। यहां इस योजना के तहत कभी कभी पानी आ पता है वह भी काफी कम पानी मिलता है। परेशान होकर शुक्रवार रात करीब साढ़े आठ बजे ग्राम पंचायत भवन पहुंचे और प्रदर्शन किया। फिर शनिवार सुबह लोग ग्राम पंचायत में पहुंचे और वहां मिले ग्राम विकास अधिकारी बृज मोहन गोठवाल और पंचायत समिति के जेईएन को स्ह्ररू के नाम ज्ञापन सोंपा । ज्ञापन में बताया कि जल्द पानी की समस्या दूर नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# फर्जी इंस्टाग्राम पोस्ट करने के तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** साइबर पुलिस थाने में फर्जी इंस्टाग्राम पोस्ट करने वाले तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। डा. के.एन. मोदी विश्वविद्यालय के पीआरओ ठा. तनुज सैगर की कुछ माह पूर्व कुछ अज्ञात लोगों ने फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाकर आपत्तिजनक पोस्ट की थी जिसकी शिकायत साइबर पुलिस थाना व पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम से की गई, जिसमे पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू की। साइबर पुलिस की जांच में तीन जनो के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है तथा अन्य और लोगों के शामिल होने की आशंका पर पुलिस जांच कर रही हैं। उन्होंने बताया कि जो भी लोग इस प्रकरण में शामिल है तथा इस तरह की रील को शेयर करते है उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# राष्ट्र एकता के लिए किए हनुमान चालिसा के 11 पाठ

## देश में खुशहाली की कि मनोकामना



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** सकल हिन्दु समाज के तत्वावधान में बस स्टैण्ड पर स्थित बालाजी के मदिर में राष्ट्र एकता के लिए युवाओं ने भव्य एवं दिव्य हनुमान चालिसा के 11 पाठों का आयोजन किया।

कार्तिक पारीक व मिलन सोनी ने बताया कि भारतीय सेना का मनोबल बढाने, अध्यत्मिक ऊर्जा एवं राष्ट्र की एकता के लिए सैंकड़ों युवाओं ने बालाजी के मदिर में भव्य एवं दिव्य हनुमान चालिसा के 11 पाठों का आयोजन करके देश में खुशहाली की मनोकामनाएं की। इस दौरान बालाजी भक्त मंडली जमात व विश्वनाथ मंडल के सैकड़ों युवा मौजूद थे।

# मेडिकल विभाग भी अलर्ट, 24 घंटे ड्यूटी के लिए पाबंद

## स्टाफ की छुट्टियां निरस्त, 10 आईसीयू और 30 बेड का वार्ड इमरजेंसी के लिए आरक्षित

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** भारत-पाकिस्तान में बढ़े तनाव को देखते हुए चिकित्सा विभाग भी अलर्ट मोड पर है। जिले में चिकित्सा विभाग के डॉक्टर समेत कर्मचारी और अधिकारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। वहीं जिला अस्पताल में भी इमरजेंसी के लिए 10 बेड का आइंसीयू और 30 बेड का एक वार्ड अलग से आरक्षित कर दिया गया है। सआदत अस्पताल के पीएमओ डॉक्टर हनुमान बैरवा ने बताया कि चिकित्सा विभाग को पूरी तरह अलर्ट मोड पर रखा गया है। किसी भी संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिए विभाग ने अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है।

सबसे पहले विभाग ने एक बड़ा कदम उठाते हुए चिकित्सा विभाग के सभी कर्मचारियों की छुट्टियां तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी हैं और उन्हें नियमित ड्यूटी पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारी ने स्पष्ट किया कि सभी कर्मचारी 24 घंटे ड्यूटी के लिए पाबंद किया है। उन्हें अपनी ड्यूटी टाइम के अलावा इमरजेंसी में 24 घंटे में कभी भी ड्यूटी पर बुलाया जा सकता है। इमरजेंसी से निपटने के लिए अस्पताल में विशेष इंतज़ाम किए गए हैं। पीएमओ ने बताया कि अस्पताल में पहले से रिज़र्व रखे गए 40 बेड्स को पूरी तरह तैयार कर लिया गया है। इसमें 10 बेड आईसीयू के हैं जबकि 30 बेड सामान्य वार्ड के हैं, जिन्हें सफाई करवा कर इमरजेंसी परिस्थितियों के लिए तैयार रखा गया है। साथ ही अस्पताल के इन्फ्रास्ट्रक्चर को भी अपग्रेड किया जा रहा है। खिड़कियों को इस प्रकार से कलर किया जा रहा है ताकि रात में इमरजेंसी लाइट जलने पर रोशनी बाहर न जा सके और गोपनीयता बनी रहे। यह विशेष व्यवस्था संवेदनशील स्थितियों को ध्यान में रखते हुए की जा रही है।

# संत श्रीराम महाराज ने बेटी की शादी के लिए की संपूर्ण भोजन की व्यवस्था

## माँ भद्रकाली आश्रम के पीठाधीश्वर ने किए कई सराहनिय कार्य

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** गांव कांटोली में स्थित माँ भद्रकाली आश्रम के पीठाधीश्वर श्रीराम महाराज अघोरी ने मोरन गाँव में एक बेटी की शादी के लिए लाखों रूपए की लागत के संपूर्ण भोजन की व्यवस्था की है। उन्होंने बताया कि गाँव मोरन की बेटी की शादी हो रही हैं। जिसके आर्थिक स्थिति बहुत ही कमजोर है। जिस पर संत श्रीराम महाराज अघोरी ने बेटी लाली मीणा की शादी में संपूर्ण भोजन की सामग्री की आर्थिक मदद की। भाजपा नेता रामअवतार मीणा ने बताया कि जहाँ भी अघोरी बाबा को याद किया जाता है वह वहाँ पर पहुंचकर लोगों का



आर्थिक सहयोग करते हैं और आशीर्वाद भी प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि हमारा सौभाग्य है कि हमारे क्षेत्र में ऐसे तपस्वी संत हैं जिन्होंने कई पुण्य के कार्य किए है। सर्दी के मौसम में 11 हजार महिलाओं को शॉल वितरण किया। लम्पी वायरस में गोमाता के लिए करीब 11 लाख रूपए का सहयोग किया। इस दौरान उन्होंने 18 बेटियों को घर में उपयोग आने वाले 109 बर्तन वितरित किए। संत श्रीराम महाराज ने 12 मई को आपयोजित एक बेटी की शादी में लाखों रूपए की लागत के भोजन सामग्री का सहायोग किया। इस अवसर पर लोकेश योगी जामडोली, राजेन्द्र योगी, रामविलास गुर्जर, रतन मीणा, गोविंदनारायण मीणा, अशोक बागड़ी, अनिल मीणा व गोलू योगी सहित कई भक्त मौजूद थे।

# सीमा पर देश के लिए लड़ने जा रहे फौजियों से भी टीटीई ने ले ली रिश्वत,

## रेलवे ने लिया कड़ा एक्शन

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। पाकिस्तान ने सीमा पर हलचल बढ़ा दी है। भारतीय सेना ने भी अपने जवानों को छुट्टी से वापस बुला लिया है। इस बीच रेलवे ने अपने एक टीटीई को सस्पेंड कर दिया है। उस पर फौजियों से रिश्वत लेने का आरोप है। मीडिया में इस बारे में रिपोर्ट आने पर रेलवे ने कड़ी कार्रवाई की है। उत्तर रेलवे ने एक बयान में बताया कि संबंधित कर्मचारी (दलजीत सिंह, TTI/LDH) को निलंबित कर दिया गया है तथा फैक्ट फाइंडिंग इन्क्वायरी प्रारम्भ कर दी गई है। इस संबंध में तद्नुसार कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी

जानकारी के मुताबिक टीटीई पर टिकट के नाम पर अवैध वसूली करने का आरोप है। भारत-पाकिस्तान सीमा पर तनाव बढ़ने से फौजियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। इस कारण पूरे देश से फौजी अपनी यूनिट को जॉइन करने के लिए जा रहे हैं। इनमें ग्वालियर के रहने वाले सूबेदार विनोद कुमार दुबे भी शामिल थे।

### रेलवे का एक्शन

रिपोर्ट के मुताबिक अगले दिन यानी 9 मई को सुबह नौ बजे जब ट्रेन सोनीपत और पानीपत के बीच थी तो एक टीटीई टिकट चेक करने आया। विनोद कुमार ने बताया कि उन्होंने जनरल टिकट और अपना आईकार्ड दिखाया। लेकिन टीटीई नहीं माना। उसने अग्निवीर जहीर खान से 150 रुपये ऐंठ लिए और कोई टिकट भी नहीं दी। इतना ही नहीं पैसे लेने के बाद टीटीई ने उन्हें जनरल बोगी में पीछे जाकर बैठने को कहा। जवानों ने घटना का वीडियो बनाया और रेल मंत्रालय को ट्वीट कर कार्रवाई की मांग की। सम्बंधित कर्मचारी (दलजीत सिंह, TTI/LDH) को निलंबित कर दिया गया है तथा फैक्ट फाइंडिंग इन्क्वायरी प्रारम्भ कर दी गई है। इस सम्बन्ध में तद्नुसार कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाई की जाएगी। टीटीई की पहचान दिलजीत सिंह के रूप में हुई है। वह लुधियाना डिवीजन में तैनात हैं। रेलवे के अधिकारियों ने टीटीई की हरकत पर नाराजगी जताई। अब रेलवे ने टीटीई के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे सस्पेंड कर दिया है।

# यूएवी, ड्रोन कैमरा, हॉट एयर बैलून आदि उड़ाने पर रहेगा प्रतिबंध

## पटाखे एवं आतिशबाजी का उपयोग बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के नहीं करेंः जिला मजिस्ट्रेट

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** वर्तमान परिस्थिति में लोक शांति एवं आंतरिक सुरक्षा को ड्रोन कैमरे के माध्यम से प्रभावित करने का प्रयास किया जा सकता है। साथ ही, पटाखे चलाने एवं आतिशबाजी होने से लोक शांति भंग होने और कानून व्यवस्था बाधित हो सकती है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सौम्या झा ने टोंक जिले के संपूर्ण नगरीय निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 की शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रतिबंध लागू करने के आदेश जारी किये है।



आदेशों के तहत बिना सक्षम स्वीकृति के किसी भी प्रकार के यूएवी, ड्रोन कैमरा, हॉट एयर बैलून आदि उड़ाने पर प्रतिबंध की निषेधाज्ञा लागू की गई है। साथ ही, कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के पटाखों, आतिशबाजी का विक्रय बिना सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुज्ञा पत्र के नहीं करेगा तथा पटाखों एवं आतिशबाजी का उपयोग उपखंड मजिस्ट्रेट की अनुमति के बिना नहीं किया जाएगा। आदेशों के उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा 223 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

### राष्ट्रीय लोक अदालतः 2025

# 81,075 प्रकरणों में से 76,483 प्रकरणों का निस्तारण

## 8,99,92,084 रूपए के अवार्ड पारित

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के तत्वावधान में शनिवार को जिला मुख्यालय सवाई माधोपुर न्याय क्षेत्र के न्यायालयों तथा तालुका विधिक सेवा समितियों गंगापुर सिटी, खण्डार, बौंली, बामनवास एवं न्यायालय चौथ का बरवाड़ा में इस वर्ष की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय सवाई माधोपुर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सवाई माधोपुर के अध्यक्ष देवेन्द्र दीक्षित द्वारा किया गया।



राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी राजीनामे से प्रकरणों के निस्तारण हेतु जिले में कुल 10 बैंचो का गठन किया गया। जिनमें जिला मुख्यालय पर न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, स्थायी लोक अदालत के मामलों के निस्तारण हेतु गठित बैंच की अध्यक्षता देवेन्द्र दीक्षित जिला एवं सेशन न्यायाधीश सवाई माधोपुर द्वारा तथा जिला एवं सेशन न्यायालय, पारिवारिक न्यायालय, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, एससी/एसटी न्यायालय, अपर जिला एवं सेशन न्यायालय के मामलों के निस्तारण हेतु गठित बैंच की अध्यक्षता श्रीमती भावना भार्गव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सवाई माधोपुर द्वारा तथा न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड, सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या-01 एवं संख्या-02 सवाई माधोपुर के मामलों हेतु गठित बैंच की अध्यक्षता श्री आशुतोष सिंह आढ़ा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सवाई माधोपुर द्वारा तथा राजस्व व प्री-लिटीगेशन स्तर के मामलों के निस्तारण हेतु गठित बैंच की अध्यक्षता समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर द्वारा की गई। बैंचों द्वारा सभी प्रकार के राजीनामा योग्य आपराधिक मामलें, पारिवारिक मामले, सिविल प्रकृति के मामलें, चैक अनादरण प्रकरण, बैंकों के ऋण वसूली मामलें, राजस्व से सबंधित मामलों एवं सभी प्रकार के राजीनामा योग्य मामलों की सुनवाई कर उभय पक्षकारों के मध्य समझाईश कर आपसी राजीनामें के माध्यम से प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में सवाई माधोपुर न्यायक्षेत्र में लम्बित कुल 18,346 प्रकरणों में से 16,391 प्रकरणों का निस्तारण कर 4,66,17,360 रूपए के अवार्ड पारित किए गए तथा प्री-लिटिगेशन के कुल 62,729 प्रकरणों में से 60,092 प्रकरणों का निस्तारण कर 4,33,74,724 रूपए के अवार्ड पारित किये गये। इस प्रकार कुल 81,075 प्रकरणों में से 76,483 प्रकरणों का निस्तारण कर 8,99,92,084 रूपए (अक्षरे आठ करोड़ निन्यानवे लाख बानवे हजार चौरासी रूपये) के अवार्ड पारित किये गये।

जिला मुख्यालय पर प्री-लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों के लिये गठित बैंच की अध्यक्ष समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा सदस्य अनूप सिंह उपखण्ड अधिकारी सवाई माधोपुर एवं पैनल अधिवक्ता विक्रांत गौतम द्वारा भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा एवं अन्य बैंकों तथा जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड एवं अन्य वितीय संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं पक्षकारों के मध्य समझाईश कर सैकडों प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

# नि:शुल्क नेत्र जागरूकता सभा का हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** विधानसभा सक्षेत्र के के गांव गुंता मे बाबा खेतानाथ गोशाला परिसर के अंदर निश्शुल्क नेत्र जांच जागरूकता सभा का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 180 ग्रामीण ने भाग लिया तथा 31आंखों के मरीजों को आपरेशन के लिए चिन्हित किया गया।

इस दौरान डा. सौरभ सिंह ने आंखों के स्वास्थ्य के बारे में ग्रामीणों सहित आमजन को जानकारी दी। इस अवसर पर रामनिवास यादव सक्षम जिला अध्यक्ष, रामजीलाल,अजय यादव , खेमचंद गुर्जर सरपंच, रणजीत कसाणा जिला महासचिव युवा कांग्रेस , लक्ष्मण रावत, लीलाराम कसाना सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 115 मामलों का हुआ निस्तारण



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण राजगढ़ में तालुका विधिक सेवा समिति की ओर से द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश लेखपाल शर्मा की अध्यक्षता में दो बैंचों का गठन किया गया।

जिसमें एडीजे लेखपाल शर्मा, तहसीलदार शरद राठिया और अधिवक्ता पुनीत शर्मा शामिल थे। वहीं दूसरी बेंच में एमजेएम शांतनु सिंह खंगारोत अध्यक्ष और अधिवक्ता जितेंद्र कुमार सैनी सदस्य के रूप में शामिल हुए। लोक अदालत में दीवानी, फौजदारी, वैवाहिक और मोटर दुर्घटना की 115 मामलों का निपटारा किया गया।

इन मामलों में 135 करोड़ रुपए के अवार्ड पारित किए गए। साथ ही राजस्व सेवा के 716 प्रकरणों का भी निर्धारण हुआ। कार्यक्रम में बार संगठन के अध्यक्ष, न्यायिक कर्मचारी हुकम सिंह गुर्जर, दिनेश कुमार सैनी, सुमन शर्मा, रतनलाल कोली, अभिनंदन शर्मा सहित बैंक के अधिकारी उपस्थित रहे।

# भारतीय जनता पार्टी पूर्व जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा की अध्यक्षता में वक्फ बोर्ड संशोधन बिल मसूदा की हुई बैठक



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर मसूदा में भारतीय जनता पार्टी राजस्थान की और से मसूदा विधानसभा क्षेत्र की वक्फ बोर्ड संशोधन बिल कार्यशाला में मसूदा बालाजी मंदिर में आयोजित हुई।

पूर्व जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा,के उद्बोधन के साथ ही कैलाश जी लाम्बा, सुभाष वर्मा, भंवरलाल जी बूला, विजय सिंह जी, देवेन्द्र जी शर्मा, श्रीराम जी,भगवान सिंह जी जगदीश जी रावत, रामदेव जी पाण्डेया, मनोज जी जैथलिया, सूर्यदेव सिंह जी सहित वरिष्ठजनो की उपस्थिति में वक्फ बिल संशोधन पर जागरूकता अभियान को लेकर चर्चा की गई।

# चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की जिला कलक्टर लोक बन्धु ने की समीक्षा

## आपातकालीन स्थिति में तैयार रहने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** शनिवार को जिला कलक्टर लोक बन्धु द्वारा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान आपात परिस्थिति में तैयार रहने के निर्देश दिए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ज्योत्स्ना रंगा ने बताया कि जिला कलक्टर लोक बन्धु द्वारा विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान किसी भी आपात स्थिति के समय कार्य करने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए। इसके लिए जिले में मॉकड्रिल का भी आयोजन किया। इस दौरान घायलों के उपचार तथा एक साथ बड़ी संख्या में भीड़ आने पर उपचार करने का पूर्व अभ्यास हुआ। आपात स्थिति को देखते हुए त्वरित गति से नियमानुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की भर्ती पूर्ण करने के निर्देश दिए।



### नियंत्रण कक्ष स्थापित

डॉ. रंगा ने बताया कि जिला कलक्टर लोक बन्धु के निर्देशानुसार जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। इसके दूरभाष 0145 – 2631111 है। इस पर संपर्क कर व्यक्ति आपातकालीन स्थिति में सहयोग प्राप्त कर सकते हैं। यह नियंत्रण कक्ष 24 घंटे सातों दिन कार्यरत रहेगा। पारी के अनुसार नियंत्रण कक्ष के प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि समीक्षा के दौरान जिले में जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इन दवाओं को प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध कराए। आवश्यकता होने पर अतिरिक्त दवाओं की खरीद करके रखें। इसी प्रकार चिकित्सक सहित समस्त कार्मिक भी कार्य करने के लिए 24 घंटे तत्पर रहेंगे। इसके लिए समस्त आवश्यक तैयारियां अग्रिम पूर्ण कर लें। आपात स्थिति में घायलों का उपचार सुनिश्चित करने के लिए अस्थाई चिकित्सालय की स्थापना के लिए भी कार्य करें। इसके लिए भवन चिह्नीकरण के साथ-साथ घटनास्थल पर ही उपचार आरंभ करने की कार्य योजना बनाई जानी चाहिए।

उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर ने जिले के रक्त संग्रहण केन्द्रों की भी समीक्षा की। जिले में समस्त रक्त समूहों का पर्याप्त रक्त उपलब्ध रहना चाहिए। इसके लिए आमजन को रक्तदान के लिए प्रेरित करें। रक्तदाताओं की सूची बनाकर नियमित रक्तदान सुनिश्चित किया जाए। जिले में स्थित राजकीय चिकित्सालयों के साथ-साथ निजी चिकित्सालयों के संसाधनों का उपयोग भी आपात स्थिति में किया जाना चाहिए। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए निजी चिकित्सालयों के संसाधनों की मैपिंग करवाएं। जिला कलक्टर के निर्देशानुसार निजी चिकित्सालयों के प्रबंधकों के साथ चिकित्सा विभाग द्वारा बैठक ली गई। इसमें संसाधनों का व्यापक जनहित में उपयोग करने के लिए सभी निजी चिकित्सा संस्थान आगे आए।

### जिला कलक्टर ने देखी एंबुलेंस में उपलब्ध सुविधाएं

डॉ. रंगा ने बताया कि जिला कलक्टर लोक बन्धु जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के प्रति संवेदनशील है। उन्होंने शनिवार को एंबुलेंस का आकस्मिक निरीक्षण किया। एंबुलेंसकर्मियों से एंबुलेंस में रोगियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं तथा सेवाओं की जानकारी ली। वाहन में पर्याप्त ऑक्सीजन तथा अन्य दवाई पर्याप्त मात्रा में रखने के निर्देश दिए।

# मिशन सिंदूर : नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली बोले पूरा विपक्ष सरकार के साथ, आतंकियों को देंगे मुंह तोड़ जवाब

## सीएम की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक में शामिल हुए जूली

बढ़ता राजस्थान



**अलवर/ जयपुर ( का.स. )।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को सर्वदलीय बैठक का आयोजन हुआ। जूली ने कहा कि राजस्थान राज्य की अंतर्राष्ट्रीय सीमा लगभग 1070 किलोमीटर बॉर्डर साझा करती है,ऐसे में ऐतिहायत के तौर पर राजस्थान में सर्वदलीय बैठक के माध्यम से एकजुटता दिखाई गई।

जूली बोले सेना के साथ-साथ हमारी भी प्रदेश व देश के प्रति नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध और हर विपरीत परिस्थितियों से लड़ने के लिए राजस्थान की जनता पूरी तरह से तैयार है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने भी आतंकवाद के खिलाफ केंद्र सरकार के कंधे से कंधा मिलने का आवाहन किया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान आतंकियों को शरण देता है यह सच अब सबके सामने है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में निर्दोष लोगों की जान गई यह पहली घटना नहीं है जो पाकिस्तान की सह पर कायरतापूर्ण आतंकवादी हमला हुआ। उन्होंने कहा कि अब भी पाकिस्तान का रवैया ठीक नहीं है, सिविलियन पर वार हो रहे हैं। भारतीय सेना आतंकवादी अड्डों को नेस्तनाबूद करने में सफल साबित हो रही है।

उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अफवाहों का दौर है बिना किसी पुष्टि के किसी भी जानकारी को साझा ना करें साथ ही भारतीय सेना के मूवमेंट की वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर ना करें।

### जिला कलेक्टर से न्याय की गुहार

# एमडीआर सड़क निर्माण में एकतरफा जमीन अधिग्रहण से महिला के मकान पर मंडरा रहा खतरा

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** प्रागपुरा कस्बे से महिला मीनू कंवर ने जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल को एक पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने एमडीआर सड़क निर्माण के संबंध में न्याय की गुहार लगाई है। महिला का कहना है कि प्रागपुरा में सुभाष चौक से ढ़ाणी बागडाला वाली नहर रोड बिज्जू दूध वाले तक 24 फिट चौड़ी एमडीआर सड़क निर्माण कार्य प्रस्तावित है, लेकिन वर्तमान में एक तरफा जमीन अधिग्रहण किया जा रहा है, जिससे उनके मकान को खतरा हो सकता है। महिला के पति जितेंद्र सिंह शेखावत देश की सीमा सुरक्षा में तैनात हैं और वर्तमान में भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालातों के कारण उन्हें छुट्टी नहीं मिल पा रही है, जिससे महिला अपने बच्चों के साथ घर में अकेली है। महिला ने जिला कलेक्टर से निवेदन किया है कि वे उक्त स्थल का मौका निरीक्षण करवाकर पूर्व में निर्धारित किए गए स्थानों के अनुसार ही दोनों तरफ बराबर-बराबर जमीन अधिग्रहण कर एमडीआर सड़क का निर्माण कार्य करवाएं, ताकि उनके मकान को किसी प्रकार की क्षति न हो। महिला ने इस संबंध में नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी फतेह सिंह मीना, पावटा तहसीलदार संजय खेदड़ और पावटा उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय को भी ज्ञापन दिया है।

# जिला एवं सेशन न्यायाधीश सानिया हाशमी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा/ ग्रामीण ( के एम कुरेशी )।** जिले के शाहपुरा में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाड़ा के निर्देशानुसार दिनांक 10.05. 2025 को तालुका हाजा शाहपुरा में बेंच प्रथम में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सानिया हाशमी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सीमा चौहान उपस्थित रहे।लोक अदालत में मोटर यान दुर्घटना दावा अधिकरण, दाण्डिक शमनीय अपराध सिविल प्रकरण, एन.आईए. एक्ट प्रकरण, प्री-लिटीगेशन एवं अन्य राजीनामा योग्य प्रकरण रखे गये। बैच प्रथम में कुल 44 न्यायिक प्रकरणों का आपसी सहमति से निस्तारण किया गया एवं एम ए सी टी प्रकरणों में 2,94,35,000/- रू का अवार्ड पारित किया गया तथा आपसी सहमति से 16 बैंक रिकवरी व बिजली विभाग के प्रि-लिटिगेशन प्रकरणों का निस्तारण भी किया गया, जिनमें 1970000/- रुपये का अवार्ड पारित किया गया। इस दौरान 5 वर्ष से पुराने कुल 1 प्रकरणों का भी राजीनामें से निस्तारण किया। लोक अदालत में सदस्य अधिवक्ता अंकित शर्मा तालुका सचिव धिवराज धाकड़ कर्मचारीगण सुधीर उपाध्याय, शैलेन्द्र सिंह, विनोद गुर्जर, मोहन लाल बैरागी एवं एसबीआई प्रबंधक डी आर मीणा, बड़ौदा बैंक व बड़ौदा ग्रामीण बैंक के प्रबंधक व कर्मचारीगण की मौजूदगी में लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया।

# नरेंद्र मोदी विचार मंच कार्यशाला हेतु प्रदेश से सात सदस्यीय दल रवाना

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** नरेंद्र मोदी विचार मंच एवं उसके सभी अनुसांगिक संगठनों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग 12 मई की रात्रि से 14 मई 2025 तक रायपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यशाला में मंच की विभिन्न शाखाओं के राष्ट्रीय अध्यक्ष, महामंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी भाग लेंगे।

यह कार्यशाला देश के नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं के आर्थिक एवं सामाजिक विषयों पर केंद्रित होगी तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित होगी। प्रदेश से कार्यशाला में भाग लेने हेतु सात सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल रवाना हो चुका है। इस दल में प्रदेश अध्यक्ष लिलियन ग्रेस, प्रदेश महामंत्री रूपश्री जैन, उपाध्यक्ष सुनीता जैन एवं कोषाध्यक्ष ऋचा जैन प्रमुख रूप से शामिल हैं।

# मॉडल स्कूल ने मानव श्रृंखला बना कर देश की एकता का दिया संदेश



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा/ ग्रामीण ( के एम कुरेशी )।** जिले के शाहपुरा में पहलगांव में आतंकवादियों की कायराना हरकत का जवाब देने एवं पाकिस्तान में आतंकवाद की फैक्ट्रीयों को नश्तेनाबूद करने के लिए भारतीय सेना द्वारा चलाए गए अभियान सिंदूर एवं पाकिस्तान के द्वारा की जा रही नापाक हरकतों का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए भारतीय सेना सीमा पर डटी हुई है । भारतीय सेना का हौसला बढ़ाने के लिए स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल शाहपुरा के भैया बहनों ने सिंदूर नाम एवं जेट विमान की मानव श्रृंखला बनाकर देश के जांबाज जवानों तक एक संदेश पहुंचाने का प्रयास किया है कि पूरा देश सैनिकों के साथ है। प्राचार्य ईश्वर लाल मीणा ने बताया कि बालकों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम् जैसे उद्घोष लगाकर देश भक्ति का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के राजेश कुमार धाकड़, आशिफ पिनारा, बुद्धि प्रकाश मीणा, मनोज कुमावत, उमेश कुमार जागेटिया, मनीष कुमार शर्मा, लोकेश कुमार चौधरी, परमेश्वर प्रसाद कुमावत, धर्मेंद्र जारोटिया, प्रकाश धोबी, पर्वत सिंह कानावत, शिवराज जाट अक्षत जैन, निर्मल वैष्णव, धनंजय सुखवाल,अध्यापिका सुधा चौहान, ललिता धाकड़, रतना टेलर, ज्योति रावत, सोनम लड्ढा, पूर्णिमा पानेरी, यशोदा चौहान ने भी मानव श्रृंखला बनाई।

# वर्ष 2025 की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ सफल आयोजन

- लोक अदालत की भावना से फिर जुड़े परिवार, बच्चों को मिला माता-पिता का दुलार
- राष्ट्रीय लोक अदालत सस्ता, सुलभ व शीघ्र न्याय का माध्यम
- 453758 मामलों का हुआ निस्तारण, 219387598/- रुपए के हुए अवार्ड पारित




बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** 10 मई को राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार दिनांक 10.05.2025 को वर्ष 2025 की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। लोक अदालत की भावना से बढ़ी संख्या में वादी व परिवादीगण ने अपने मसलों पर सहमति जताते हुए सुलह की व वर्षो से चल रहे विवाद एवं मानसिक व आर्थिक समस्याओं से मुक्ति पायी। द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन का शुभारंभ आज प्रात: 10:00 बजे दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्ज्वलित कार्यक्रम मे महावीर प्रसाद गुप्ता, न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय संख्या 01, अजमेर, महेन्द्र कुमार ढ़ाबी, न्यायाधीश, मोटर दुर्घटना दावा अधिनियम अजमेर, कृष्ण मुरारी जिन्दल, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अजमेर, संजय सिंह एलडीएम तथा अन्य अधिकारीगण एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्राधिकरण सचिव श्री कृष्ण मुरारी जिन्दल ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के क्रम में मार्च माह से ही तैयारियां शुरू कर दी गई थी। श्रीमती संगीता शर्मा, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,(जिला एवं सेशन न्यायाधीश) अजमेर एवं श्री कृष्ण मुरारी जिन्दल, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) अजमेर की अध्यक्षता में अजमेर न्यायक्षेत्र के विभिन्न न्यायिक अधिकारीगण के साथ बैठक आयोजित की जाकर लम्बित प्रकरणों के राजीनामे की भावना से निस्तारण हेतु समय-समय पर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। सचिव द्वारा अजमेर न्यायक्षेत्र की विभिन्न बार काउंसिल के अधिवक्तागण के साथ चर्चा की गई व उन्हें अधिकाधिक प्रकरणों के निस्तारण हेतु प्रेरित किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल अयोजन के लिए अजमेर मुख्यालय पर 10 बेंचो का गठन किया गया (न्यायालयों के लिए 6 बेंच, राजस्व मंडल अजमेर के लिए 1 बेंच, राजस्व प्रकरणों के लिए एक बेंच, तथा स्थाई लोक अदालत एवं जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग द्वारा चिन्हित किए गए प्रकरणों के लिए एक बेंच, प्री लिटिगेशन प्रकरणों के लिए बेंच) गठित की गई है। अजमेर न्याय क्षेत्र में लम्बित 1 लाख से 2 लाख रू तक की राशि के एन. आई एक्ट के समस्त लम्बित प्रकरणों में पक्षकारान् को प्री काउसलिंग हेतु नोटिस जारी किए गए तथा निरन्तर प्री काउसलिंग आयोजित की गई।

इसी के साथ वाणिज्यिक न्यायालय में कुल 35 प्रकरणों को चिन्हित किया गया जिसमें से 10 प्रकरणों का निस्तारण गया तथा जिसमें 13419971/-रू की राशि का अवार्ड पारित किया गया।

मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण में 940 प्रकरणों को चिन्हित किया गया जिसमें से 71 प्रकरण का निस्तारण किया गया तथा जिसमें 29486000/- की राशि का अवार्ड पारित किया गया।

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अजमेर के निर्देशानुसार अजमेर न्यायक्षेत्र की विभिन्न न्यायालयों में प्री लिटिगेशन से संबंधित धन वसूली के सभी प्रकार के विवाद से सम्बन्धित 456106 मामले रखे गए जिनमें से 434806 मामलों का निस्तारण हुए व कुल 25813605 रुपए की अवार्ड राशि दी गई।धारा 138 एन.आई. एक्ट से सम्बन्धित कुल 6346 मामले रखे गए जिनमें से 439 मामले निस्तारित हुए एवं कुल 122571356/- रुपए की अवार्ड राशि दी गई। इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 487120 मामले रखे गए जिनमें से 453758 मामलों का निस्तारण हुआ और 219387598/- रुपए की अवार्ड राशि हुई पारित।

डग में सर्व हिन्दू समाज के तत्वावधान में हिन्दू महापंचायत सम्पन्न

# शम्भूसिंह को दी श्रद्धांजलि, क्षेत्र में कानून व्यवस्था रही चाक-चौबंद

बढ़ता राजस्थान

**डग ( आबिद हुसैन )।** डग क्षेत्र के दुधालिया में हरिगढ़ भेरूजी महाराज पर सर्व हिन्दू समाज के तत्वावधान में हिन्दू महापंचायत सम्पन्न हुई जिसमें शम्भूसिंह को श्रद्धाजंलि दी गई जिसमें डग एवं मध्यप्रदेश के आसपास के क्षेत्र के हजारों लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम स्थल पर लोगो का 11.30 बजे से एकत्रित होना प्रारम्भ हो गया था लोग अपने दुपहिया एवं चार पहिया वाहनों से महापंचायत में पहुँचे जहाँ चारों और वाहनों का जमावड़ा लग गया था इस दौरान गत 24 अप्रेल को लसूड़िया निवासी शम्भूसिंह की गोलीमार कर हत्या की गई थी जिस पर शम्भूसिहं के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई जिसके बाद एकत्रित लोगो ने खड़े होकर मौन रखकर श्रद्धाजंलि दी गई इसके पश्चयात प्रवक्ता ने धार्मिक मंत्रोचार के साथ महापंचायत की शुरुआत की गई इसके बाद वक्ताओं के सम्बोधन का क्रम प्रारम्भ हुआ जिसमें समाजिक समरसता पर जोर दिया तथा कहा कि हिन्दू समाज को जाग्रत कर कहा कि आज भी हमारे क्षेत्र में कई दैवीय शक्ति स्थल है जहाँ के दर्शन पूजन मात्र से आंतरिक एवं आध्यात्मिक शक्ति मिलती है हिन्दू समाज को कही भटकने की आवश्यकता नही है, जो धर्म के नाम पर, जाती के नाम पर लोगो को गलत रास्ते पर ले जा रहे है उनसे सतर्क रहना जरूरी है इसके बाद वक्ता ने हिन्दू समाज के युवाओं को आव्हान कर कहा कि छोटे छोटे प्रकार के व्यापारों में आगे बढ़ कर समाज के विकास में अग्रणी बने इसके बाद मध्य प्रदेश से आए वक्ता ने महापंचायत में कहा कि आज हमारे क्षेत्र एवं समाज मे शिक्षा का अभाव है जिसके लिए शिक्षित होकर समाज को जागरूक कर आगे बढ़ाए तथा कहा कि हम सभी सनातनी सबसे पहले हिन्दू है इस समय कई ताकते समाज को बांटने में लगी हुई जिससे उनके बहकावे में नही आकर हम सब एक होकर एकता का परिचय देना है। इसके पश्चात वक्ता ने कई बिंदुओं पर चर्चा कर महापंचायत में उपस्थित जनसमूह को संकल्पित किया अंत में हिंदू महापंचायत मे उपस्थित लोगो ने सीमाओ पर शहीद हुए सैनिकों को आत्म शांति एवं शक्ति प्रबल करने के लिए सामूहिक महामृत्युंजय मंत्र का उच्चारण किया गया इस दौरान विभिन्न संगठनों एवं डग, चौमहला, गंगधार, आवर, पगारिया, भवानीमंडी सहित क्षेत्र के 100 से अधिक गावो एवं समीपवर्ती मध्यप्रदेश के कई गांवों से हजारों की संख्या में लोग महापंचायत एवं श्रद्धाजंलि सभा मे शामिल हुए।



### घोड़ी पर निकले निकासी

महापंचायत में कहा कि अपने ही लोग निम्न जाती के लोगों से घृणा कर गांव में घोड़ी पर निकासी नहीं निकालने देते है इस पर गंभीरता से लेते हुए सर्व हिन्दू समाज समाज के लोगों को भेदभाव खत्म कर सामाजिक समरसता के साथ हिन्दू समाज को एक जुट रहने की बात कही ।

### कानून व्यवस्था के लिए जाप्ता तैनात

महापंचायत एवं श्रद्धाजंलि सभा को लेकर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एतिहात के तौर पर पुलिस का जाप्ता कस्बे के मुख्य बाजारों सहित चौक चौराहों पर तैनात रहा था एडिशनल एसपी चिरंजीलाल मीणा की अगुवाई में पुलिस का अतिरिक्त जाप्ता मुस्तेद रहा तथा पुलिस के अधिकारी बाजार बंद एवं महापंचायत की स्थिति पर नजर बनाए हुए थे।

### डग के बाजार रहे बंद

महापंचायत एवं श्रद्धाजंलि सभा के चलते शनिवार सुबह से दोपहर 2 बजे तक व्यापार महासंघ एवं नागरिक सुरक्षा मंच के आव्हान पर डग कस्बे के बाजार बंद रहे जिससे कस्बे के बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा तथा लोग चाय पानी को तरसे।

## जेसीआई बूंदी ऊर्जा ने नानकपुरा स्कूल में चलाया जल जागरूकता कार्यक्रम



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** जेसीआई बूंदी ऊर्जा द्वारा आज नानकपुरा स्थित राजकीय प्राथ. विद्यालय में अध्यक्ष अंशुल भंडारी की पहल पर वन लो वन सस्टेनेबल प्रोजेक्ट के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पानी पीने के महत्व और शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लाभों से अवगत कराना था।

कार्यक्रम के दौरान जेसीआई सदस्यों ने बच्चों को नियमित अंतराल पर पानी पीने के फायदों के बारे में विस्तार से बताया। टीम ने स्कूल के प्रिंसिपल को हर पीरियड की घंटी के साथ एक 'वाटर बेल' भी शुरू करने के लिए प्रेरित किया, ताकि बच्चे हर थोड़ी देर में पानी पी सकें। इस पहल को प्रिंसिपल सर ने सहर्ष स्वीकार किया।

इसके अतिरिक्त, जेसीआई बूंदी ऊर्जा द्वारा स्कूल के छोटे बच्चों को पानी की बोतलें भी वितरित की गईं, जिससे बच्चे बहुत खुश हुए। प्रिंसिपल सर व विद्यालय के सभी शिक्षकों ने जेसीआई बूंदी ऊर्जा के इस प्रयास की भरपूर सराहना की। सफल कार्यक्रम के आयोजन में जेसीआई बूंदी ऊर्जा की अध्यक्ष अंशुल जैन, सचिव अंकिता नुवाल, वीपी सीडी सिम्पल भंडारी व वीपी पीआर रानू खंडेलवाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम की सफलता पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जेसीआई सदस्यों ने सभी के सहयोग के लिए हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया। यह कार्यक्रम भविष्य में बूंदी के सभी स्कूलों में चलाने की योजना है।

जागरूक बनें, डरें नहीं-एसडीआरएफ प्रशिक्षण शिविर मेरी जानकारी

## एसडीआरएफ टीम ने स्टूडेंट्स को दिए 'एयर स्ट्राइक' पर बचाव के टिप्स

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फण्ड (एसडीआरएफ) के वॉलेंटियर्स ने शनिवार को मोशन एजुकेशन के द्रोणा-2 कैम्पस में बताया कि एयर स्ट्राइक होने पर खुद को कैसे बचाएं। ब्लेक आउट की स्थिति में क्या करें, क्या न करें। टीम ने विद्यार्थियों व स्टाफ को जंग की स्थिति में आत्मरक्षा और सुरक्षा के उपाय बताए और एक दूसरे की मदद का डेमो दिया।

एसडीआरएफ कंपनी कमांडर एकता हाडा ने बताया हमारा शहर कोटा, पाकिस्तानी सीमा से बहुत दूर है। यहां जंग का सीधा असर नहीं है फिर भी जागरूकता जरूरी है। इसके मद्देनजर विद्यार्थियों को बताया गया कि हमले की स्थिति में डरें नहीं। इसकी जगह खुद को और अपने परिवार को सुरक्षित करें। उन्हें बताया कि घायलों को कैसे प्राथमिक उपचार दें, सुरक्षित जगह ले जाएं। एसडीआरएफ टीम ने बताया कि 30 सेकंड तक सायरन बजता है तो मतलब है कि हमला होने वाला है या हो चुका है। 30 सेकंड के बाद लगातार सायरन बजता है तो मतलब है अब माहौल सुरक्षित है। इसलिए पहला सायरन बजते ही सतर्क हो जाएं। खिड़की के पास न रहें। खुद को दीवार के पीछे कवर कर लें। जो संसाधन मौजूद हैं, उनकी मदद से अपनी सुरक्षा पुख्ता करें। कुर्सी, टेबल, पलंग की आड़ से भी बचाव होगा। बचाव के लिए मुंह में दांतों के बीच रुमाल डालकर कानों को ठीक से बंद करके पेट के बल कोहनी के सहारे लेट जाएं। इससे बम गिरने पर होने वाले धमाके और कंपन से जीभ नहीं कटेगी। कान बंद होने की वजह से कान का पर्दा नहीं फटेगा।

मोशन एजुकेशन ज्वाइंट डायरेक्टर रामरतन द्विवेदी ने बताया कि सिविल डिफेंस टीम ने विद्यार्थियों को बताया कि यदि किसी इमारत पर एयर स्ट्राइक हो व लोग भीतर फंसे हो तो उन्हें साधारण रस्सी के जरिए कैसे बाहर निकालें। विद्यार्थियों को आग और बाढ़ से बचाव के बारे में भी बताया। विद्यार्थी अरुणेश ने बताया कि पहली बार ऐसा डेमो देखा और ऐसी जानकारी देखने, सुनने को मिली।

## विधायक दीप्ति ने शीतल जल मंदिर का किया लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** आरके जिला चिकित्सालय में भामाशाहों के उदार सहयोग से मरीजों और उनके परिजनों के लिए लगातार सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। स्व श्रीमती इंदू देवी जी की पुण्य स्मृति में मनोहर लोढ़ा एवं लोढ़ा परिवार द्वारा आरके राजकीय जिला चिकित्सालय परिसर में निर्मित शीतल जल मंदिर का लोकार्पण विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने किया। उन्होंने इसे जल सेवाए संरक्षण व समाज सेवा की प्रेरणादायक पहल बताया। माहेश्वरी ने श्री बालाजी महाराज सेवा समिति द्वारा इसके संचालन का दायित्व ग्रहण करने पर आभार व्यक्त किया तथा आशा जताई कि यह पहल रोगियों, परिजनों व पथिकों को सतत लाभ पहुंचाएगी। उन्होंने स्व इंदु देवी के जीवन मूल्यों को प्रेरणास्रोत बताते हुए लोढ़ा परिवार को शुभकामनाएं दीं। समारोह में पीएमओ डॉ रमेश रजक, डॉ अमित चौधरी, डॉ सारांश सम्बल, पूर्व सभापति सुरेश पालीवाल, भाजपा नगर अध्यक्ष दिनेश कुमावत, पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र टेलर, श्री बालाजी महाराज सेवा समिति अध्यक्ष कैलाश निष्कलंक, नर्सिंग अधीक्षक प्रकाशचन्द्र वैष्णव, रजनीकांत साहू, भगवानसिंह केलावत, भामाशाह मनोहर लोढ़ा, पूर्व पार्षद देविका निष्कलंक, हिम्मत मेहता, कुलदीप पुर्बिया, परिवारजन, चिकित्सालय प्रशासन व भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने आयोजकों के आतिथ्य के लिए आभार प्रकट किया। पीएमओं डॉ रमेश रजक, नर्सिंग अधीक्षक प्रकाशचन्द्र वैष्णव, कैलाश निष्कलंक ने अतिथियों सहित भामाशाह परिवार का पगड़ी ओर उपरना पहनाकर स्वागत किया। संचालन नर्सिंग अधिकारी नानालाल कुमावत ने किया। राजसमंद अस्पताल में नई सुविधाएं जल्दनर्सिंग अधीक्षक प्रकाश चंद्र वैष्णव ने भामाशाहों को दानवीर और दिल के धनी बताते हुए कहा कि जनता के हित में उनके द्वारा किए जा रहे कार्य अत्यंत सराहनीय हैं। उन्होंने अपने संबोधन में अस्पताल में निर्माणाधीन भवन, जिसमें आईसीयू वार्ड, नवजात बच्चों एवं माता का एमसीयू वार्ड और डिलीवरी उपरांत जेएसवाई वार्ड के बारे में जानकारी दी।



## 12वीं कक्षा की छात्रा ने 6 माले की बिल्डिंग से लगाई छलांग, गिरने से दर्दनाक मौत

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** बरार जिले के भीम शहर के पुराने ब्यावर मार्ग पड़ाव स्थित इंद्र प्लाजा माल बिल्डिंग से 12वीं कक्षा की छात्रा ने छलांग लगा दी जिससे छात्रा सडक़ पर आकर गिरी और दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही भीम थाना अधिकारी भंवरलाल कुमावत मय जाब्ते के घटनास्थल पहुंचे जहां स्थानीय लोगों की मदद से युवती को शहर के हॉस्पिटल लेकर आए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूत्रों के अनुसार मृतका 19 वर्षिय चंदा चौहान कक्षा 12वीं की छात्रा थी, जो शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे पड़ाव मार्ग स्थित इंद्र प्लाजा बिल्डिंग मैं फोन पर बात करते हुए अंदर गई और सीढी से छत पर जा पहुंची ऊपर से युवती 2 से 3 बार सडक़ की ओर देखा जिस पर दुकानदारों को शंका होने लगी। प्रत्यक्ष दर्शियो के मुताबिक वह कुछ समझ पाते उससे पहले ही युवती ने छलांग लगा दी और सडक़ पर आकर गिरी। उसका पूरा शरीर खून से लथपथ हो गया लोगों ने शोर मचाया जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और हॉस्पिटल पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। युवती के माता-पिता और भाई अस्पताल आने पर बेहोश हो गए। मृतका के पिता भीम में व्यवसाय करते हैं वहीं मूल निवासी भीम पंचायत लाखागुड़ा के निवासी है 2 वर्षों से भीम में ही दुकान और किराए पर मकान इसी रोड पर ही ले रखा है।

## राष्टीय लोक अदालत पारिवारिक न्यायालय बैंच-2 में 272 फैसलों का हुआ निस्तारण

तलाक लेने आये थे लोक अदालत मे समझाईश पर पुनःघर बसाया

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत् राष्ट्रीय लोक अदालत पारिवारिक न्यायलय बैच-2 के अध्यक्ष शिव प्रसाद तमोली सदस्य मायाराम मेघवाल के प्रयास से 272 प्रकरणो का निस्तारण किया गया

पारिवारिक न्यायलय क्र. 2 के बैच सदस्य मायाराम मेघवाल ने बताया कि पारिवारिक न्यायलय क्र. 1 मे 94 क्रमांक 2 मे 74 क्रमांक 3 में 104 मुकदमो का निस्तारण हुआ प्रकरण किया। राजाराम कुशवाह पुत्र बालमुकन्द निवासी शहनावदा तहसील पिपल्दा जिला कोटा का विवाह गौरा कुशवाह पुत्री रमेशचंद कुशवाह निवासी ग्राम पीपलवाडा तहसील सवाईमाधोपुर जिला सवाईमाधोपुर का विवाह दिनाक 30/4/021को हिन्दू विवाह के तहत् सम्पन्न हुआ था दोनो पति पत्नि मात्र तीन माह साथ रहे आपसी मनमुठाव के कारण गौरा कुशवाह अपने पिता के घर पर ही निवास करते चली आ रही थी अपनी पत्नी से परेशान राजाराम कुशवाह ने पारिवारिक न्यायलय क्रमांक 3 मे तलाक हेतू धारा 13ए का परिवाद दिनाक 5/3/025 को पेश किया जिसपर समझाईश करने पर दोनो एक साथ रहने को राजी हो गये इस शुभ अवसर पर मान्य जिला एवं सेशन न्यायधिश महोदय सत्यनारायण व्यास जिला विधीक प्राधिकरण कोटा सचिव गीता चौघरी

न्यायधिश महोदय शिवप्रसाद तम्बोली, सदस्य मायाराम मेघवाल पीए बनवारीलाल गुप्ता, भोजराज गोचर, शाराश शर्मा, मोहनलाल चौधरी, रणधीर सिह के सामने दोनो पति पत्नि को फुल माला पहनाकर साथ किया, न्यायलय मे खुशी की लहर दौड गयी।

## आपसी सहमति से समाधान कराकर आमजन को मिला त्वरित और सुलभ न्याय

बूंदी में राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ सफल आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** बूंदी में शनिवार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य लंबित और प्री-लिटिगेशन मामलों का आपसी सहमति से समाधान कराकर आमजन को त्वरित व सुलभ न्याय दिलाना था। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश बूंदी के अध्यक्ष अजय शुक्ला ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर लोक अदालत का विधिवत भारंभ किया। इस अवसर पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सरिता मीणा, जिला मुख्यालय के समस्त न्यायिक अधिकारीगण, अभिभाषक परिषद बूंदी के अध्यक्ष चन्द्रशेखर शर्मा, सचिव संजय कुमार जैन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन के लिए मुख्यालय पर कुल 11 बेंचें गठित की गईं। बेंच संख्या 01 की अध्यक्षता सुमन गुप्ता, बेंच संख्या 02 की मीनाक्षी मीणा, बेंच संख्या 03 की श्रीमती वृष्टि विज, स्थाई लोक अदालत, उपभोक्ता मामलों एवं प्री-लिटिगेशन मामलों की बेंच की अध्यक्षता सरिता मीणा और बेंच संख्या 04 की अध्यक्षता सिद्धांत सक्सेना ने की। इन बेंचों में महेन्द्र कुमार शर्मा, कुमारिल भट्ट, श्री कामरान खान, सुश्री हिमांशी शर्मा (अधिवक्तागण) व अर्जुन लाल मीणा (तहसीलदार) ने सदस्य के रूप में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और न्यायिक कर्मचारियों ने भी लोक अदालत को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (एम.ए.सी.टी.) के 146 प्रकरण रेफर किए गए, जिनमें से 28 मामलों का निस्तारण करते हुए 1,38,04,000 की अवार्ड राशि पारित की गई। इसी प्रकार, एन.आई. एक्ट के 974 रेफर किए गए प्रकरणों में से 89 का निस्तारण कर 2,04,62,932 की राशि तय की गई।

जिले में लंबित प्री-लिटिगेशन और न्यायालयों में लंबित कुल 1,91,173 मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में रेफर किया गया, जिनमें से प्रभावशाली रूप से 1,61,397 प्रकरणों का निस्तारण किया गया और कुल 6,68,26,809 के अवार्ड पारित कर आम जनता को राहत पहुंचाई गई। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर उत्साह दिखाया।

शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने शिशोदा और शंकरपूरा में किया विद्यालयों का भव्य लोकार्पण

# श्रीमती कंकुबाई-सोहनलालजी धाकड़ राउमावि शिशोदा को करेंगे 'पीएमश्री योजना' में शामिल : शिक्षा मंत्री

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने शनिवार को श्रीमती कंकुबाई-सोहनलाल जी धाकड़ की स्मृति में मंगल चेरीटेबल ट्रस्ट की ओर से 15 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शिशोदा के नवीन, भव्य, आधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़, उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबनेट मंत्री श्री महेंद्र सिंह, राजसमंद विधायक श्रीमती दीप्ति माहेश्वरी, नाथद्वारा विधायक श्री विश्वराज सिंह मेवाड़, जिला प्रमुख श्रीमती रतनी देवी जाट, उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, समाजसेवी जगदीश पालीवाल, पूर्व विधायक बंशीलाल खटीक सहित विद्यालय निर्माण के सूत्रधार धाकड़ परिवार के सोहनलाल, मेघराज, अजित, हार्दिक, आरव धाकड़, भाविका एवं बड़ी संख्या में स्थानीयजन मौजूद रहे। डीईओ (प्रारम्भिक) राजेन्द्र गग्गड़, डीईओ (माध्य.) नूतन प्रकाश जोशी, एडीपीसी (समसा) घनश्याम गौड़ सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी, शिक्षक आदि भी मौजूद रहे।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि वे इस विद्यालय का नाम श्रीमती कंकुबाई-सोहनलाल जी धाकड़ राउमावि शिशोदा करने की घोषणा करते हैं। दिलावर ने कहा उन्होंने इससे भव्यतम भवन पहले नहीं देखा। यहाँ विज्ञान, गणित, कृषि विज्ञान सहित आधुनिक विषय पढ़ने की सुविधा होगी, सरकार यहाँ अधिकतम सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास करेंगी जिससे यहाँ के बच्चे पढ़-लिखकर खूब आगे बढ़ें। न सिर्फ अध्ययन, बल्कि यहाँ खेल क्षेत्र के उत्थान को लेकर भी हम प्रतिबद्ध रहेंगे। महाराणा प्रताप की यह धरती सदैव पूजनीय है, सरकार यहाँ सर्वांगीण कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।



सांसदमहिमा मेवाड़ ने कहा कि श्री मेघराज धाकड़ अपनी जड़ों को नहीं भूले, मुंबई जाने के बावजूद अपने गांव से जुड़े रहे और आज यहाँ इतना भव्य विद्यालय बनाया। चारों धाम से भी बड़ा माता-पिता का सम्मान है। जिस परिवार ने यह विद्यालय बनाया है वह हमारे लिए बेहद सम्मानीय है। राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने प्रभु के जयकारों के साथ अपने उदभोदन की शुरुआत करते हुए कहा कि शिशोदा ग्राम में आज त्यौहार का माहौल है। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री अपने कर्तव्यों के प्रति दृढ़ हैं और शिक्षा के क्षेत्र में अधिकतम विकास हेतु प्रतिबद्धता से कार्य करते हैं। विधायक माहेश्वरी ने कहा कि मेघराज धाकड़ और उनके परिवार ने 'लीड बाय एग्जाम्पल' प्रस्तुत किया है। यह विद्यालय शिक्षा का मंदिर ही नहीं, बल्कि संस्कारों का पोषक भी बने, ऐसी आशा है। अपने गांवों और शहरों से बहुत लोग बाहर जाते हैं, लेकिन बहुत कम लौट कर अपनी मातृभूमि के लिए कुछ बड़ा करते हैं। उन्होंने दो अलग-अलग बीजों की कहानी सुनाते हुए धाकड़ परिवार द्वारा इस पुनीत कार्य को महत्वपूर्ण बताया।

## एक ही दुकान से यूनिफॉर्म खरीदने पर सीबीईओ नाराज



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दामोदर लाल मीना ने शनिवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय अल्हैपुरा व लितांशी पब्लिक स्कूल शांति नगर अल्हैपुरा का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि राउप्रावि अल्हैपुरा में शिक्षकों द्वारा शिक्षक एप्प के माध्यम से मौखिक धारावाह पठन कार्य का पूर्ण करना नहीं पाया गया तथा शिक्षक एप के माध्यम से विद्यार्थियों की ऑनलाइन उपस्थिति भी नहीं भरी गई। जिस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने बताया कि विभागीय निर्देशानुसार डिजीटल मोबाइल एप के माध्यम से प्रवेशोत्सव के प्रथम चरण में 15 अप्रेल से 9 मई तक किया जाने वाला सर्वे कार्य भी पूर्ण करना था जो कि पूर्ण नहीं किया जाना पाया गया। इस पर लापरवाही बरतने के लिए नाराजगी जताते हुए कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि लितांशी पब्लिक स्कूल शांति नगर अल्हैपुरा के निरीक्षण के दौरान विद्यालय में अप्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा शिक्षण कार्य कराए जाने की अनियमितता पाई गई इसके साथ ही लितांशी विद्यालय के विद्यार्थियों की यूनिफॉर्म का केवल बाजार में एक ही दुकान पर उपलब्ध होने की स्थिति पर मीना द्वारा नाराजगी जताई गई। दोनों ही विद्यालयों को कारण बताओ नोटिस जारी कर 2 दिन में जबाब के लिए पाबंद किया गया। सीबीईओ दामोदर लाल मीणा ने कहा कि ब्लॉक के समस्त संस्था प्रधान विभागीय योजनाओं सहित प्रवेश उत्सव कार्य को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि विभागीय निर्देशों की अवहेलना करने और लापरवाही बरतने वाले कार्मिक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## उपखंड कार्यालय में किया कन्ट्रोल रूम स्थापित

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** वर्तमान स्थिति के दृष्टिगत उपखण्ड स्तर पर त्वरित कार्यवाही हेतु कंट्रोल रूम का गठन किया है। उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा ने कार्यालय उपखण्ड अधिकारी भुसावर में कृष्ण कुमार, राजेश वर्मा, अशोक कुमार, नरेन्द्र सिंह नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक को कंट्रोल रूम पर उपस्थित रहकर आपातकालीन स्थिति में त्वरित कार्यवाही किये जाने के लिए निर्देश किया गया है।

## तीन गांव एवं नवविकसित कॉलोनियां योजना में होंगी शामिल

# 69 करोड़ की लागत से शहर के 40 हजार लोगों को मिलेगा पीने का पानी

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** गर्मी आते ही हर ओर पानी की किल्लत को देखने को मिलती है। वहीं शहर में भी मांग के अनुसार पूरा पानी नहीं मिलने से लोगों को होने वाली पेयजल समस्या से अब जल्द ही शहर सहित आसपास के तीन गांव एवं नव विकसित कॉलोनियों को पेयजल मुहैया कराने के लिए सरकार की ओर से अमृत-2 योजना के तहत 69 करोड़ रुपए की स्वीकृति जारी की है। जिसके तहत करीब 40 हजार ऐसे लोगों को पानी मिलेगा जहां विभाग की ओर से कनेक्टिवटी नही थी। ऐसी कॉलोनियों को पानी की सप्लाई से जोड़ा जाएगा।

विभागीय अधिकारियों के मुताबिक विभाग की ओर से अमृत = 2 के तहमत सरकार को भेजे गए प्लान में वर्ष 2039 तक 41 एमएलडी पानी की डिमांड के अनुसार प्रस्ताव भेजा गया था। जिसमें करीब 69 करोड़ की लागत से शहर से सटे गांव छावनी, तगावली, 16 खंभा गांव सहित शहर की नवीन विकसित कॉलोनी एवं शहर की ऐसी कॉलोनियां जिनमें पाइप लाइन पुरानी हो चुकी है, उनमें नई पाइप लाइन डालने का कार्य किया जाएगा। जिसमें 6 उच्च जलाशय एवं छीतरिया ताल पर एक पंप हाउस के साथ ही 222 किलोमीटर की पाइप लाइन डाली जाएगी। जिससे शहर में पेयजल समस्या से निजात मिल सकेगी।



### 6 जल्द शुरू होगा योजना का कार्य

एईएन ने बताया कि योजना को सरकार की ओर से वित्तीय स्वीकृति जारी हो चुकी है। अब टेंडर प्रक्रिया के अधीन है। जैसे ही निविदा प्रक्रिया पूरी होते ही संबंधित एजेंसी की ओर से योजना का कार्य शुरू किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि योजना को पूरा होने में 24 माह का समय लगेगा।

अमृत-2 योजना में शहर की नव विकसित कॉलोनी एवं आस पास के 3 गांव में पेयजल सप्लाई से कनेक्ट करने के लिए 69 करोड़ से कार्य होंगे जिसमें उच्च जलाशयों सहित पानी की पाइप लाइन एवं पंप हाउस शामिल है। जिसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद कार्य शुरू किया जाएगा जिससे शहर के लोगों को पर्याप्त पानी मिल सकेगा।

### यहां बनेंगे उच्च जलाशय एवं पंप हाउस

*योजना के तहत छावनी, तगावली, सोलह खंभा गांव सहित आशियाना कॉलोनी रीको एरिया एवं सदर थाना के पास नए उच्च जलाशयों का निर्माण किया जाएगा। वही छीतरिया ताल, रीको एरिया एवं जलदाय विभाग में नए पंप हाउस बनाए जाएंगे।*

### 61 लाख 73 हजार की आबादी को 30 एमएलडी पानी की जरूरत

*विभागीय अधिकारियों के अनुसार शहर में 1 लाख 72 हजार 971 की आबादी को 30 एमएलडी पानी की आवश्यकता है। जहां शहर को वर्तमान में 22 एमएलडी पानी ही मिल पा रहा है। जिससे शहर में कई कॉलोनियों में एक समय ही पानी की सप्लाई हो पा रही है। जिससे लोगों को पर्याप्त पानी नही मिलने से पेयजल समस्या बनी हुई है। ऐसे में अब अमृत 2 योजना के पूरा होने पर शहर को पूरा 30 एमएलडी पानी मिलने से शहर के उपभोक्ताओं को पर्याप्त पानी मिल सकेगा।*

## पशुपालन विभाग की समीक्षात्मक बैठक में लक्ष्य पूरे करने का लक्ष्य

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** खंड पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भुसावर में नोडल क्षेत्र भुसावर की सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समीक्षात्मक मीटिंग पशुपालन विभाग भरतपुर के संयुक्त निदेशक डॉ खुशीराम मीना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। नोडल अधिकारी डॉ विजय पहाड़िया ने बताया कि उक्त मीटिंग में मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना, एफएमडी टीकाकरण, सेक्स सॉर्टेड सीमन रूस आदि पर चर्चा हुई। सभी कार्मिकों से लक्ष्यों को शत प्रतिशत पूर्ण करने की हिदायत दी गई। इस अवसर पर डॉ मीना ने सभी पशु चिकित्सकों एवं पशुधन निरीक्षकों को पानी के परिंडे निशुल्क भेंट किये और इनको अपने चिकित्सा केंद्रों पर लगाने तथा पानी की खेलिया रखने की हिदायत दी।

## पक्षी बचाओ अभियान के तहत अपना घर सेवा समिति बाड़ी ने 200 परिंडे बांटे

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी शहर में विक्षिप्त, असहाय, लावारिस और अनाथ पीड़ित मानव सेवा में कार्यरत संस्था अपना घर सेवा समिति बाड़ी द्वारा पक्षी बचाओ अभियान के तहत परिंडा बांधो अभियान की शुरुआत की गई। भीषण गर्मी में मूक पक्षियों को पानी की व्यवस्था करने के लिए समिति के द्वारा 200 परिंडे विभिन्न स्थानों पर बांधे गए और अपने वार्षिक सदस्यों को वितरित किए गए। समिति के संरक्षक सुनील गर्ग कंपनी परिवार ने कहा हमें मानव सेवा के साथ-साथ मूक पक्षियों की भी सेवा करनी चाहिए। समिति के अध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा ने सभी सदस्यों को परिंडा बांधने के साथ-साथ उनमें रोजाना पानी भरने की जिम्मेदारी सौंपी। पक्षी बचाओ परिंडा बांधो अभियान का शुभारंभ अपना घर आश्रम बाड़ी में परिंडा बांधकर किया गया। इस अवसर पर समिति के सचिव हरिओम सिंघल, कोषाध्यक्ष कपिल गर्ग, मीडिया प्रमुख मनोज मोदी, संरक्षक विष्णु महेरे, गोपाल दास गर्ग, रामनिवास गर्ग, राजेश शर्मा, विनोद गोयल, नीरज गौड़, मुनीष बंसल और बनवारी गर्ग, रामनिवास अग्रवंशी, शिव शंकर बिंदल, महेश सर्राफ, हरिओम गर्ग आदि मौजूद रहे।



## जिला स्तरीय अधिकारियों को तुरंत कार्यालय लौटने के निर्देश सभी की छुट्टियां की कैंसिल, मुख्यालय छोड़ने पर रोक

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने जिले के सभी राजकीय कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों के अवकाश पर रोक लगा दी है। अतिआवश्यक आपातकालीन स्थिति को छोड़कर कोई भी अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा। वर्तमान में अवकाश पर चल रहे सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को तुरंत कार्यालय लौटने के निर्देश दिए गए हैं। जिला स्तरीय और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को जिला कलेक्टर की अनुमति के बिना मुख्यालय छोड़ने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। इसी बीच सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सभी मीडिया चैनलों और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को रक्षा अभियानों की लाइव कवरेज न करने की चेतावनी दी है। मंत्रालय ने कहा है कि इस तरह की कवरेज से राष्ट्र की सुरक्षा को खतरा हो सकता है। केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम 2021 के तहत आतंकवाद विरोधी अभियानों की लाइव रिपोर्टिंग पर पूर्ण प्रतिबंध है। मीडिया को केवल सरकार द्वारा नामित अधिकारियों की नियमित ब्रीफिंग को ही कवर करने की अनुमति होगी। यह कदम इसलिए उठाया गया है, ताकि आतंकी या शत्रुओं को रणनीतिक जानकारी न मिल सके।



## खेत पर फसल की रखवाली कर रहे किसान पर गिरा बिजली का तार

### करंट लगने से हुई मौत, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम, परिजनों ने लगाया डिस्कॉम पर लापरवाही का आरोप

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड के कंचनपुर थाना क्षेत्र की छोटा सोहा गांव में खेत पर कार्य कर रहे एक किसान की बिजली का तार टूटने से हुए हादसे में मौत का मामला सामने आया है। घटना के बाद मृतक किसान के शव को बाड़ी अस्पताल की मोर्चरी रखवाया गया। जहां परिजनों की मौजूदगी में कंचनपुर पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया है। घटना को लेकर कंचनपुर पुलिस मामले की जांच कर रही है।



घटना को लेकर गांव छोटा सोहा निवासी हंसराम पुत्र दौलतराम गुर्जर ने बताया कि उसके चाचा का लड़का 40 वर्षीय भगवानदास पुत्र रघुवीर गुर्जर उनके खेत पर फसल की रखवाली कर रहा था। शुक्रवार की रात 09 बजे उनके खेत में लगी डीपी को जाने वाले विद्युत के तार अचानक स्पार्किंग होकर टूट गए। जो सीधे खेत की रखवाली कर रहे मेढ़ पर बैठे भगवान दास के ऊपर गिरे। ऐसे में भगवान दास बिजली करंट के चपेट में आ गया और अचेत हो गया। घटना के बाद उन्होंने जैसे-तैसे बिजली तारों को अलग किया और अचेत हुए भगवानदास को लेकर बाड़ी अस्पताल पहुंचे। जहां मौके पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ऐसे में घटना की सूचना कंचनपुर पुलिस को दी और मृतक के शव को मोर्चरी रखवाया।

माता के भगवान दास के परिजनों ने घटना में बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है परिजनों का कहना है कि उन्होंने ढीले और नीचे तारों को लेकर पूर्व में भी डिस्कॉम के अधिकारियों और कर्मचारियों से शिकायत की थी लेकिन उसका कोई समाधान नहीं किया गया। ऐसे में यह घटना हुई है। खेती किसानी का काम कर मृतक भगवान दास अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। वह अपने पीछे पांच लड़की और दो लड़के सहित पत्नी को रोता बिलखता छोड़ गया है। घटना को लेकर कंचनपुर थाने के हेड कांस्टेबल शैलेंद्र सिंह ने बताया गांव छोटा सोहा निवासी हंसराम पुत्र दौलतराम गुर्जर ने पुलिस को रिपोर्ट दी है जिसमे डिस्कॉम की लापरवाही से खेत पर बिजली का तार टूटने से भगवानदास पुत्र रघुवीर गुर्जर की मौत होना बताया है। पुलिस द्वारा परिजनों की मौजूदगी में मृतक का शव का आज पोस्टमार्टम कराया है। मामले की जांच जारी है।

## लोक अदालत में 10,46,036 रुपए का अवार्ड पारित

**भुसावर ।** भुसावर मुख्यालय स्थित सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट पर सर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 10 मई2025 शनिवार को किया गया। जिसमें लोक अदालत की भावना से पक्षकारान ने आपसी समझाईश कराकर प्री लिटिगेशन मुकदमें, रेवेन्यू मुकदम एवं फौजदारी/सिविल प्रकरणों का निस्तारण करवाया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालय में लंबित कुल 36 प्रकरणों फौजदारी/सिविल / एनआईएक्ट का जरिय राजीनामा से, रेवेन्यू विभाग से 1671 प्रकरणों एवं बैंक रिकवरी मामलों में कुल 07 प्रकरणों सहित उक्त लोक अदालत में कुल 1714 प्रकरणों का जरिये राजीनामा निस्तारण किया जाकर 10,46.036 रूपये का अवार्ड पारित किया गया। इस अवसर पर शशिकांत गुप्ता, आर0 जे0एस0, अध्यक्ष राष्ट्रीय लोक अदालत एवं सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट भुसावर, इंद्रदत्त पांडे अधिवक्ता न्यायालय परिसर सदस्य लोक अदालत, न्यायालय परिसर के अधिवक्तागण सुशील पाण्डेय, महेश चंद मीणा, शांतिस्वरूप शर्मा, प्रकाश चंद शर्मा, मनोज मीणा सहित न्यायिक कर्मचारीगण गोविंद सिंह, रीडर, मदनमोहन गर्ग, लिपिक, सुरेश चंद पाण्डेय, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं चेतराम मीणा, कर्मचारी रेवेन्यू विभाग तथा बैंक अधिकारीगण / कर्मचारीगण एवं पक्षकारान् आदि उपस्थित रहे।

## नीलगाय से टकराई बाइक, दो युवक घायलः शादी के कार्ड बांटकर लौटने के दौरान हुआ हादसा, घायलों को बाड़ी से किया धौलपुर रेफर

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी में हाईवे 11 बी पर आंगई गांव के बाईपास पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। चिलाचोंद गांव के दो युवक मुस्ताक और आमिर शादी के कार्ड बांटने के बाद रात करीब 9 बजे वापस लौट रहे थे। इस दौरान उनकी बाइक अचानक सड़क पर आई नीलगाय से टकरा गई। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस की मदद से उन्हें बाड़ी के सामान्य अस्पताल लाया गया। डॉ. महेश गुप्ता ने बताया घायलों में मुस्ताक पुत्र पुरुषोत्तम और आमिर पुत्र शहजाद शामिल है। परिजनों ने बताया कि दोनों युवक आंगई गांव में रिश्तेदारों के यहां शादी का कार्ड देने और कुछ सामान लेने गए थे। हालत गंभीर होने के कारण दोनों को बेहतर इलाज के लिए धौलपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## 20 किलोमीटर लम्बे तिरंगे द्वारा इतिहास रचने की तैयारी : विपुल शर्मा



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** भरतपुर जिला व्यापार महासंघ द्वारा अखंड भारत के लिए 14 अगस्त को शौर्य दिवस पर अपने गौरवशाली राजस्थान की राजधानी जयपुर में होने वाले कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया गया, इस मौके के पर भरतपुर जिला व्यापार महासंघ के जिलाध्यक्ष संजीव गुप्ता जिला महामंत्री नरेन्द्र गोयल, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद सर्राफ जिला प्रवक्ता विपुल शर्मा, एवं कार्यक्रम संयोजक मीनेश उबार शामिल थी, जिला प्रवक्ता विपुल शर्मा ने बताया की ऋस फाउंडेशन द्वारा 14 अगस्त 2025 को शौर्य दिवस के मौके पर जयपुर में 20 किलोमीटर लम्बे तिरंगे को आमजन द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर अपने हाथों में थाम कर प्रदर्शित किया जायेगा, जो कि विश्व रिकॉर्ड होगा, क्यों कि अभी तक गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड में 13 किलोमीटर लम्बे तिरंगे का रिकॉर्ड दर्ज है, अब ऋस फाउंडेशन एवं भरतपुर जिला व्यापार महासंघ के सहयोग से नया कीर्तिमान 20 किलोमीटर लम्बे तिरंगे का मानव श्रृंखला द्वारा अपने हाथों में थाम कर स्थापित किया जाने वाला है, यह हम सभी भारतीयों के लिए गर्व की बात है,जिसकी जोरदार तैयारीया की जा रही हैं, उसी संदर्भ में आज एक पोस्टर का विमोचन किया गया, इस मौके पर भरतपुर जिला व्यापार महासंघ द्वारा सभी भरतपुर वासियों से अपील करते हुए आग्रह किया कि अधिक से अधिक संख्या में 14 अगस्त को जयपुर पहुंच कर इन गौरवशाली क्षडों के भागीदार बने।

# लोक अदालत में बिजली बिल के मामलो का निस्तारण कराने उमड़ी भीड़

## पांच घंटे में जमा हुआ पचास लाख का केश, निस्तारण का काम लगातार जारी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** विधिक सेवा के तहत शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में शहर की विभिन्न अदालतो में चल रहे विभिन्न लंबित मामलों का जहां आपसी राजीनामें से निस्तारण किया गया। वहीं विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा भी अपने उपभोक्ताओं के बकाया को लेकर भी आपसी राजीनामे से निस्तारण कराने के लिए मामले रखे गए। जिसमें कटे हुए कनेक्शन,लंबित बिल कनेक्शन सहित चोरी के वीसीआर के मामलों का निस्तारण किया गया।



लगातार जागरूकता के चलते अब इसे लोक अदालत के प्रति लोगों की बढ़ती मानसिकता कहें या बिजली निगम के प्रयास,5 घंटे में 50 लाख का कैश जमा हो गया। जिसमे कितने केसों का निस्तारण हुआ है यह अभी संख्या खुलकर सामने नहीं आई है लेकिन पांच बजे बाद भी शहर के बिजली घर के केश काउंटर की खिड़की पर उपभोक्ताओं की लंबी लाइन लगी हुई है।

डिस्कॉम सहायक अभियंता आरडी मीणा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों के निस्तारण को लेकर पिछले एक पखबाड़े से डिस्कॉम के कर्मचारियों की टीमें लगातार उपभोक्ताओं के घरो और दुकानों पर जाकर नोटिस देने और लोक अदालत में मामले के निस्तारण कराने को लेकर प्रयास कर रही थी। जिसमे कनिष्क अभियंता जगदीश मीणा और कुलदीप शर्मा के साथ अलग-अलग क्षेत्र के लाइनमेन और अन्य कर्मचारी जुटे हुए थे। ऐसे में शनिवार को लोक अदालत में उपभोक्ता लगातार सुबह 10 बजे से एडीजे कोर्ट पहुच राजीनामे से विवादो का निस्तारण कराने पहुंचे और निस्तारण होने पर बिजली विभाग के किला गेट स्थित कार्यालय पहुंच बकाया राशि जमा कराई। निस्तारण के दौरान बिजली बिल बकाया राशि पर न केवल पेनल्टी बल्कि ब्याज सहित तमाम छूट दी गई है।

डिस्कॉम के अधिशाषी अभियंता गोविन्द सिंह के साथ एईएन आरडी मीना और डिस्कॉम कई कनिष्ठ अभियंताओं विवादों के निस्तारण में जुटी रहे। उपभोक्ताओं के विवादों का निस्तारण लगातार जारी रहेगा।

# आपात परिस्थितियों को लेकर जिला कलक्टर एवं एसपी ने ली वीसी के माध्यम से अधिकारियों की बैठक

## आमजन रहें सजग एवं सतर्क, घबराने की जरूरत नहीं - जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडगढ़ ( नि.स. )।** राज्य सरकार द्वारा जारी एडवाइजरी की अनुपालना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को जिला कलक्टर आलोक रंजन एवं जिला पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में डीओआईटी में वीसी के माध्यम से जिले के समस्त उपखण्ड अधिकारी, अधिशासी अधिकारी एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियो के साथ आयोजित की गई। वीसी के माध्यम से जिला कलक्टर ने आपदा के इस संबंध में सभी आवश्यक संसाधनों को जुटाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में वॉलिंटियर की सूची बनाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में ऐसे लोगों का ग्रुप बनाएं जो आवश्यक सूचना निचले स्तर तक पहुंचा सके।

उन्होंने विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह हर एक ग्राम पंचायत में एक सायरन की व्यवस्था से निश्चित करें ताकि ग्रामीणों को आपदा के समय सजग किया जा सके। उन्होंने सभी अधिकारीयों को रात में अपने-अपने क्षेत्र का भ्रमण कर आमजन से संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए। ग्रामीण क्षेत्रों में सूचनाएं सरपंचों व ग्राम स्तर के प्रतिनिधियों के माध्यम से आमजन तक पहुंचाई जाएगी। ब्लॉक स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किए जाए जो जिला स्तरीय कंट्रोल रूम से सतत संपर्क में रहें। इससे किसी भी सूचना का आदान प्रदान निर्बाध हो सकेगा। सीएलजी की बैठकें आयोजित करें। प्रत्येक क्षेत्र का सिविल डिफेन्स प्लान अपडेट रखें।

उन्होंने कहा कि ब्लैकआउट की स्थिति के लिए आमजन को पहले से जागरूक किया जाए। पूर्व में किए गए मॉक ड्रिल एवं ब्लैक आउट के अनुभव का उपयोग लें। समाज के प्रतिनिधियों तथा प्रभावशाली नागरिकों के सहयोग से इसकी पालना कराई जाए। आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिकों के लिए सुरक्षित आश्रय स्थल के रूप में उपयोग किए जा सकने वाले भवनों की पहचान सुनिश्चित करें। साथ ही खाद्य सामग्री अथवा आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी एवं कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी द्वारा निर्देशित किया गया कि पुलिस गश्त तथा निगरानी बढ़ाई जाए। क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। संवेदनशील स्थानों और व्यक्तियों की निगरानी के लिए विशेष व्यवस्था की जाए तथा सभी सीसीटीवी कैमरों की स्थिति की जांच की जाए। खराब कैमरे शीघ्र दुरुस्त करवाए जाए। विशेष स्थानों पर आवश्यकतानुसार नाकाबंदी निर्धारित मानदण्डों एवं उपकरणों के साथ करना सुनिश्चित करें। संवेदनशील स्थलों के प्रबंधकों के साथ सूचनाएं साझा करते रहें।

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर निगरानी रखते हुए देश की एकता, अखंडता या सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करने वाली किसी भी पोस्ट पर त्वरित कार्रवाई की जाए। सोशल मिडीया की निगरानी के लिए थाना स्तर पर कम से कम दो व्यक्तियों को लगाए। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय पाठक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह, उपखण्ड अधिकारी बीनू देवल, नगर विकास न्यास के सचिव कैलाश गुर्जर, संबंधित थाना अधिकारी उपस्थित रहें एवं उपखंड अधिकारी, नगर पालिकाओं के अधिशासी अधिकारी एवं पंचायत समिति के विकास अधिकारी वी.सी. के माध्यम से जुड़े।




## राष्ट्रीय लोक अदालत में 90 प्रकरणों का निस्तारण एवं 52 लाख 63 हजार 99 रू का अवार्ड पारित किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** ताल्लुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष व अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश कपासन डॉ. महेन्द्र सोलंकी की अध्यक्षता में गठित बैंच तथा अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कपासन न्यायाधीश निष्ठा पाण्डे की गठित न्यायपीठ में न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों में से कुल 90 प्रकरणों का निस्तारण तथा 52 लाख 63 हजार 99 रू. राशि का अवार्ड पारित किया गया। ताल्लुका विधिक सेवा समिति कपासन सचिव देव तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्तौडगढ एवं ताल्लुका विधिक सेवा समिति कपासन अध्यक्ष महेंद्र सिंह सिसोदिया के निर्देशानुसार आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में से 314 प्रकरणों को लोक अदालत हेतु चिन्हित किया गया। जिसमें से 90 प्रकरणों का पक्षकारो के मध्य राजीनामा एवं लोक अदालत की भावना से निस्तारण किया गया।साथ ही बिजली विभाग,बैंक एवं दूरसंचार, जलदाय विभाग के प्रि-लिटिगेशन संबंधित कुल 3003 प्रकरणों को सम्मिलित किया गया।जिसमे 79 प्रकरणों में राजीनामे से 32 लाख 86 हजार 562 रू. की रिकवरी तथा बिजली के बकाया बिलों पर 50 प्रतिशत की भारी छूट के साथ प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इस अवसर पर लोक अदालत पीठ के सदस्य अधिवक्ता सुरेश कुमार बापना,ठाकुर प्रसाद व्यास, बार एसोसिएशन कपासन अध्यक्ष राधेश्याम वैष्णव, न्यायालय रीडर गोपाललाल, अनिल मीणा, कार्मिक सुनिल जांगिड, लोकेश मीना, योगेन्द्र गहलोत, पुनीत गुर्जर, विष्णु शरणम, राजू रेगर, सुमित्रा, स्वयंसेवक ऋषिराज भट्ट, शाहरूख, शंभुलाल भील, पंकज भट्ट सहित विभिन्न बैंक शाखा प्रबंधक एवं विभागीय अधिकारी तथा पक्षकारान उपस्थित होकर लोक अदालत में मुकदमों का आपसी सुलह एवं समझाईश से निस्तारण कराया गया। ताकि पक्षकारान के मध्य भाईचारा व सौहार्द का वातावरण बना रहे।

## लापिया स्कूल में सूर्य नमस्कार और योगाभ्यास का आयोजन, अधिकारियों के नेतृत्व में ग्रामवासी हुए लाभान्वित

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** प्रभारी राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय लापिया डॉ सरफराज अली खान ने बताया कि उपखंड अधिकारी श्रीकांत व्यास और उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग भीलवाड़ा डॉ महाराज सिंह के नेतृत्व में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय लापिया में विद्यार्थियों एवं ग्राम वाशियो को सूर्य नमस्कार और योगाभ्यास योग प्रशिक्षक कमलेश कुमार सैन और दरयाव खटीक ने करवाया।इस अवसर पर सभी विद्यालय स्टाफ और समाज सेवक मुकेश डिडवानिया ने पूर्ण सहयोग किया।

## भीलवाड़ा एमजी हॉस्पिटल परिसर में स्थित ब्लड बैंक में आज रक्तदान देश के नाम

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** भीलवाड़ा में रक्तदान देश के नाम विशाल रक्तदान शिविर ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित भीलवाड़ा के एमजी हॉस्पिटल के ब्लड बैंक में रखा गया जिसमें युवाओ ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया ब्लड बैंक शिविर में शहर विधायक अशोक कोठारी समाजसेवी गो भक्त सुनील जागेटिया पीएमओ अरुण गोड़ ष्टरू।ह सी पी गोस्वामी उपस्थित थे शहर विधायक कोठारी ने रक्तदान करने वाले नोजवानो की हौसला बढ़ाया आप देश के सैनिक हो अच्छा कार्य कर रहे हो रक्त की कभी कमी ना हो उसके लिए रक्तदान करते रहना चाहिए सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन भीलवाड़ा के नेतृत्व में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ।

## मातृ दिवस को ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमो के साथ मनाया




बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** नगर में ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को मातृ दिवस को विभिन्न कार्यक्रमो के साथ मनाया गया। प्रधानाध्यापिका कौशल्या झाला ने बताया कि विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा मां को समर्पित कविताएं,गीत,संगीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।जिसमे विद्यार्थियों द्वारा तू कितनी अच्छी है, तू कितनी भोली है गाने पर बहुत ही शानदार प्रस्तुति दी गयी। इस मौके पर संस्था सदस्य महेंद्रमोहन दाधीच, पुष्पा वैष्णव, विद्यालय परिवार के प्रकाशचंद्र पंवार, अरुणा भाटी, खुशबू पठान, अंशु सिरोया, कविता सिरोया, पूजा पाराशर, कौशल्या दाधीच, रेखा कुमावत, पूजा जैन, अपर्णा विजयवर्गीय, कोमल वैष्णव, सीमा सुखवाल, सोनू आचार्य, अपूर्वा दाधीच, किरण राव, नीतू बाबेल, फरहीन बानू सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रव्यापी धर्मजागरण हेतु अभियान के तहत सुंदरकांड का आयोजन आयोजन के अंत में राष्ट्रभावना एकिकरण हेतु किया सामूहिक राष्ट्रगान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** ऑपरेशन सिंदूर की प्रचंड सफलता की कामना एवं सम्पूर्ण देश को राष्ट्रीयता के एक सूत्र में पिरौने की भावना से श्री गौसेवा मित्र मंडल एवं पर्यावरण संरक्षण चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा राष्ट्र जागरण भावनात्मक एकीकरण अभियान के अंतर्गत शहर के अलग अलग क्षेत्र में सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया जा रहा है। संगठन के मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि, आम जनों में राष्ट्रीयता की भावना को मजबूत करने के लिए संगठन द्वारा हर सप्ताह शहर के अलग अलग स्थानों पर जाकर सुंदरकांड का पाठ किया जाता है एवं आयोजन के अंत में राष्ट्र सर्वोपरि के मनोभाव को प्रबल करने के उद्देश्य से सामूहिक राष्ट्रगान का आयोजन किया जाता है। सुनील शर्मा ने कहा कि, इसी उदेश्य से सुंदरकांड शास्त्रीनगर में पूर्व न्यास अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण डाड के निवास स्थान पर हुआ, जहाँ क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने राष्ट्रभक्ति के इस अभियान में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। आयोजन में सुंदरकांड का पाठ प्रसिद्द गायक कैलाश लाछुडा, राघव शर्मा ने किया। जिससे वहां उपस्थित लोगों के रोम रोम में भक्ति व राष्ट्रप्रेम घुल गया, सुप्रसिद्ध गायक राघव ने महाराणा प्रताप के यशोगान में मायड़ थारो पूत प्रस्तुत किया जिससे वातावरण क्रांतिकारी हो उठा। राष्ट्रभक्ति के इस आयोजन में शहर विधायक अशोक कोठारी, सुनील जागेटिया, भगवान सिंह चौहान, बाबूलाल जाजू, बाबूलाल टाक, बिलेश्वर डाड, अमन शर्मा, सुनील शर्मा, शुभांशु जैन, शुभम सोनी, नेमचंद संघवी, सत्यम शर्मा, शरद सिंह, अनिल सोनी, अभिषेक चंडालिया, देवराज सिंह, कांतिलाल जैन, विनोद झुर्रानी आदि उपस्थित रहे।

## भारतीय सेना की विजय की कामना को लेकर भाजपा ने कपासन में हनुमान चालीसा का पाठ किया

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** भारत की पाकिस्तान के साथ हो रही एयरस्ट्राइक में भारतीय सेना का हौसला एवं साहस बढ़ाने सहित विजय की कामना को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा शुक्रवार रात्रि में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। भाजपा नगर मंडल महामंत्री एवं नपा पार्षद अशोक विजयवर्गीय ने बताया कि नगर के पंचमुखी बालाजी मंदिर परिसर में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया की अगुवाई में भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुष्पा वैष्णव,ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद नंदकिशोर टेलर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गजेंद्र बाघमार,युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा,महिला मोर्चा अध्यक्ष रानी सिरोया, नगर पालिका पार्षद मुकेश पलोड़,अधिवक्ता गोविंद सिंह पंवार,युवा नेता प्रतीक वैष्णव,गौरव दाधीच,बूथ अध्यक्ष मुकेश सिरोया,हसमुख टेलर, हरिशंकर चोटिया,प्रकाश साहू,मुरली टेलर,अक्षु बारेगामा,गौरव विजयवर्गीय,आरती विजयवर्गीय, अशोक शर्मा, कन्हैयालाल चंदेल,पवन गर्ग,आशीष नंदवाना,किशन बारेगामा,श्यामलाल चोटिया आदि कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा भारतीय सेना को संबल प्रदान करने एवं उनकी सुरक्षा व विजय की कामना को लेकर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया।

## भीलवाड़ा में सबको बीमा अभियान 2047 की मासिक बैठक

### जिला कलेक्टर ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा की

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में सबको बीमा अभियान 2047 की मासिक बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में राज्य बीमा विभाग, कृषि विभाग, श्रम विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला परिषद, परिवहन विभाग, पशुपालन विभाग, सरस डेयरी, अग्रणी राजकीय व निजी बैंकों के प्रतिनिधि, ऑरिएंटल इंश्योरेंस, यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस एवं बजाज एलायन्ज के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिला स्तरीय बीमा समिति के सदस्यों द्वारा अपने-अपने विभागों के माध्यम से संचालित बीमा योजनाओं तथा लाभान्वितों की संख्या की जानकारी प्रस्तुत की गई। इसके पश्चात जिला कलेक्टर ने जिले के आमजन को बीमा योजनाओं से जोड़ने, साथ ही पशुओं, वाहनों व फसलों के बीमा कार्य को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने हेतु समस्त विभागों में चल रही बीमा योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सबको बीमा अभियान 2047 की विस्तृत कार्य योजना की रूपरेखा पर भी चर्चा की तथा सदस्य सचिव एवं संयुक्त निदेशक श्रीमती प्रियंका मेहरानियां को समस्त विभागों की बीमा संबंधित योजनाओं का समेकित डेटा संकलित कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।



## ताल्लुका विधिक सेवा समिति राशमी के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** ताल्लुका विधिक सेवा समिति राशमी के तत्वावधान में द्वितीय शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।जिसमे विधिक सेवा समिति अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट राशमी पृथा फ़ौजदार की अध्यक्षता में गठित बैंच में विचाराधीन प्रकरणों में से कुल 30 प्रकरणों का निस्तारण तथा 9 लाख 74 हजार 906 रू. की राशि का अवार्ड पारित किया गया। ताल्लुका विधिक सेवा समिति राशमी सचिव राहुल भास्कर ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्तौडगढ महेन्द्र सिंह सिसोदिया व अध्यक्ष ताल्लुका विधिक सेवा समिति राशमी के निर्देशानुसार आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित कुल 30 प्रकरणों का पक्षकारो के मध्य राजीनामें एवं लोक अदालत की भावना से प्रकरणों का निस्तारण तथा 9 लाख 74 हजार 906 रु. का अवार्ड पारित किया गया।साथ ही बिजली विभाग,बैंक,दूरसंचार,जलदाय विभाग के प्रि-लिटिगेशन संबंधित कुल 1800 बिजली विभाग व 350 बैंक प्रकरणों को सम्मिलित किया गया था।बिजली के बकाया बिलों पर 50 प्रतिशत की भारी छूट के साथ प्रकरणों का निस्तारण किया गया।जिससे आमजन ने उत्साहपूर्वक लोक अदालत में भाग लेकर लाभान्वित हुवे।

इस अवसर पर लोक अदालत पीठ सदस्य तहसीलदार बेनी प्रताप,न्यायालय रीडर सुमेर सिंह, मुकेश गाडरी,प्रॉसेस सर्वर पुष्पा सुखवाल,पुलिस प्रशासन प्रतिनिधि उमेश मीणा सहित स्थानीय बार एसोसिएशन के अधिवक्ता एवं विभिन्न बैंको के शाखा प्रबंधक एवं अधिकारी व पक्षकारान की उपस्थिति में लोक अदालत में समस्त मुकदमों का निस्तारण आपसी सुलह व समझाईश से कराया गया।ताकि पक्षकारान के मध्य भाईचारा व सौहार्द का वातावरण बना रहे।




## सांसद महिमा ने जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक से वार्ता कर किसी भी आपात स्थिति से निपटने की समीक्षा की

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** राजसमंद संसदीय क्षेत्र की सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा तथा जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के साथ विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। इस दौरान जिला कलक्टर द्वारा प्रशासन के समस्त विभागों जैसे चिकित्सा विभाग, रसद विभाग, नगरीय निकाय, पीएचईडी, विद्युत विभाग, पीडबल्यूडी आदि द्वारा की गई आपात स्थिति की तैयारियों से अवगत कराया।

सांसद ने कहा कि समस्त विभाग अपने दायित्व का निर्वहन करें और आमजन को किसी विपरीत स्थिति में जनजीवन में समस्या न हो। जिला कलक्टर ने आश्वस्त किया कि प्रशासन पूर्ण रूप से सजग है और आमजन की सेवा में तत्पर है। ऐसे ही जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा हर गतिविधि पर सतत निगरानी बरती जा रही है, आमजन को जागरूक किया जा रहा है, साथ ही सरकार के निर्देशों की अनुपालना की जा रही है। आमजन की सुरक्षा और जिले में शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस निरंतर सक्रिय है। इसी तरह सांसद ने सीएमएचओ डॉ हेमंत बिंदल से भी फोन पर बात की और चिकित्सालयों में दवाइयाँ, चिकित्सक, मेडिकल स्टाफ, उपकरण, एम्बुलेंस से लेकर हर तरह की चिकित्सा संबंधी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सांसद ने शुक्रवार को सुबह से लेकर शाम तक आमजन से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी और अधिकारियों को फोन लगाकर समाधान के निर्देश दिए। सांसद ने सरकार द्वारा समय-समय पर जारी गाइडलाइन की अनुपालना कराने हेतु आमजन को जागरूक करने के निर्देश भी जिला प्रशासन को दिए हैं।



दैनिक
बढ़ता राजस्थान
www.badhatarajasthan.in
RNI NO. RAJHIN/2010/35060





सही फैसला लेना काबिलियत नही है,
फैसला लेकर उसे सही साबित करना काबिलियत है।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर सर्वदलीय बैठक

# प्रदेशवासियों की सुरक्षा राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता, वर्तमान परिस्थितियों में सभी दलों का सहयोग आवश्यक : भजनलाल शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा भारत और पाकिस्तान के बीच उत्पन्न वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए प्रदेश और प्रदेश वासियों की सुरक्षा राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हम परिस्थितियों का विश्लेषण कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए अहम निर्णय ले रहे हैं। इसमें सरकार को सभी दलों का भी सहयोग मिलना बेहद आवश्यक है।

शर्मा शनिवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में सर्वदलीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी दलों से एकजुटता और आपसी सामंजस्य स्थापित करने का आह्वान करते हुए कहा कि वे प्रदेश हित में सरकार के साथ मिलकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि हम प्रदेश में किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं। शर्मा ने कहा सीमावर्ती जिलों में प्रशासन सुरक्षा एजेंसियों से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुरूप ब्लैकआउट एवं आवागमन प्रतिबंधों की पूर्ण पालना सुनिश्चित करवा रहा है, जिसमें नागरिकों का भी अपेक्षित सहयोग मिल रहा है। शादियों व अन्य समारोहों में तेज रोशनी, चकाचौंध एवं आतिशबाजी नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं। निजी ड्रोन को उड़ाने पर भी पूर्णत: प्रतिबंध लगाया गया है। जिला प्रशासन को पर्याप्त मात्रा में सायरन की सुदृढ़ व्यवस्था करने और विभिन्न प्रकार के सायरन संकेतों के बारे में जनसाधारण को टीवी चैनल, रेडियो, सोशल मीडिया इत्यादि के माध्यम से जागरूक करने के निर्देश भी दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सार्वजनिक स्थल, बाजार, पर्यटन स्थल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन जैसी जगहों पर विशेष चौकसी बरती जा रही है। धार्मिक स्थल, महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल तथा अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों जैसे बांध, बिजलीघर, रिफाइनरी इत्यादि की सुरक्षा एवं सतत निगरानी की जा रही है। साइबर अटैक से बचने के लिए भी आवश्यक उपाय किए गए हैं। शर्मा ने सभी दलों से अपील करते हुए कहा कि अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं और वॉलेंटियर्स के साथ संपर्क में रहें और राज्य सरकार द्वारा आयोजित ब्लड डोनेशन, रेस्क्यू कार्यक्रमों, ब्लैक आउट और अन्य व्यवस्था से जुड़े मामलों में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि हम सब की सावधानी और सतर्कता प्रदेश की सुरक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। आप सचेत रहकर छोटी से छोटी घटनाओं पर नजर बनाए रखें। अफवाहों को फैलने से रोकें। यदि किसी भी स्तर पर कमी एवं आवश्यकता महसूस हो तो सरकार को अवगत कराएं।



### सीमावर्ती जिलों को आर्थिक सहायता, भरे गए रिक्त पद

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमावर्ती जिलों में मानव संसाधन की आवश्यकता को देखते हुए सभी रिक्त पदों को तुरंत भरने की कार्यवाही की जा रही है। शर्मा ने कहा कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में परिवहन, शिविर, दवाईयां, उपकरण, प्रभावितों के लिए भोजन सहित अन्य जरूरी कार्यों के लिए पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर, बीकानेर, जैसलमेर, श्रीगंगानगर, जोधपुर, हनुमानगढ़ एवं फलौदी जिलों के लिए रिवॉल्विंग फंड उपलब्ध करवाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जरूरत के मुताबिक आरएसी, आपदा राहत बलों, सिविल डिफेंस की अतिरिक्त नफरी सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करने के लिए लगाई गई है। सीमावर्ती जिलों के प्रभारी मंत्री और प्रभारी सचिव अपने क्षेत्रों में सतत सम्पर्क एवं प्रशासन के साथ निरन्तर समन्वय बनाए हुए हैं। पुलिस एवं प्रशासन की टीमें कोई भी सूचना मिलने पर पहुंचकर मुस्तैदी से आवश्यक कार्रवाई कर रही हैं।

### सभी दल पूरी तरह राज्य सरकार के साथ

इस दौरान विभिन्न दलों के नेताओं ने कहा कि वे वर्तमान परिस्थिति में पूरी तरह राज्य सरकार के साथ हैं। उन्होंने केन्द्र सरकार द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई और वर्तमान परिस्थितियों में केन्द्र और राज्य सरकार की तैयारियों की सराहना करते हुए विभिन्न सुझाव दिए। इन सुझावों में विभिन्न जिलों में उपलब्ध संसाधनों का भौतिक सत्यापन कर आवश्यकतानुसार उपयोग करने, प्रदेश वासियों को हर घटनाक्रम की जानकारी अधिकृत माध्यम से देने, चिकित्सा एवं अन्य व्यवस्थाओं में एनसीसी, स्काउट सहित नर्सिंग विद्यार्थियों का सहयोग लेने तथा सीमावर्ती जिलों के ग्रामीण इलाकों में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा सामाजिक संगठनों की बैठकें आयोजित कराने जैसे सुझाव प्रमुख रहे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल, विधानसभा में सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, कांग्रेस पार्टी प्रतिनिधि व नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, विधायक रफीक खान, राष्ट्रीय लोकदल से विधायक डॉ. सुभाष गर्ग, बहुजन समाज पार्टी से विधायक मनोज कुमार एवं भारत आदिवासी पार्टी से विधायक उमेश मीणा उपस्थित रहे।

## राजस्थान में उपचुनाव स्थगित

# नगरीय निकायों और पंचायतों के प्रस्तावित सभी उपचुनावों को रोका

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** राजस्थान की नगरीय निकायों (नगरपालिका, नगर परिषद व नगर निगम), पंचायत समितियों, ग्राम पंचायतों और जिला परिषद के घोषित उपचुनावों को सरकार ने रोक दिया है। राज्य निर्वाचन आयोग ने आदेश जारी करके सभी उपचुनावों पर रोक लगा दी है। इससे एक दिन पहले 9 मई को आयोग ने केवल पाकिस्तान से लगते सीमावर्ती जिलों में होने वाले उपचुनाव पर रोक लगाने के आदेश दिए थे। तब इन सीमावर्ती जिलों के कलेक्टर्स ने आयोग को पत्र लिखकर चुनाव स्थगित करने का निवेदन किया था।

शेड्यूल के मुताबिक प्रदेश की 14 नगर निकायों, एक जिला प्रमुख, 2 प्रधान, एक उप प्रधान, 9 जिला परिषद सदस्यों, 18 पंचायत समिति सदस्यों, 18 सरपंच, 15 उपसरपंच और 169 ग्राम पंचायतों में वार्ड पंच के लिए चुनाव करवाए जाने प्रस्तावित थे। इसके लिए 26 मई से 29 मई के बीच उपचुनाव के लिए वोटिंग करवाई जानी प्रस्तावित थी।

राज्य निर्वाचन आयोग ने इन चुनावों का शेड्यूल जारी करके अधिसूचना 9 और 12 मई को जारी के निर्देश दिए थे। पंचायती राज संस्थान और स्वायत्त शासन विभाग की ओर से मिले पत्र के बाद आयोग ने इन पर रोक लगा दी। आयोग को जो पत्र मिला, उसमें उल्लेख किया था कि भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव का माहौल है और ऐसी परिस्थिति में कोई जनहानि न हो इसे देखते हुए उपचुनावों को स्थगित करने का निवेदन किया था।

### इन जगह पर प्रस्तावित थे पंचायतों के चुनाव

जिला प्रमुख (गंगानगर), जिला परिषद सदस्य (गंगानगर वार्ड 16, सिरोही वार्ड 18, राजसमंद वार्ड 1, प्रतापगढ़ वार्ड 13, झालावाड़ वार्ड 5, डूंगरपुर वार्ड 9, 12, धौलपुर वार्ड 9, अलवर वार्ड 29), प्रधान (पंचायत समिति कल्याणपुर, बाड़मेर), सपोटरा करौली) और उपप्रधान (पंचायत समिति घाटोल बांसवाड़ा) में चुनाव होने थे।

# राजस्थान में वीडीओ के 850 पदों पर होगी भर्ती

*जून से शुरू होगी आवेदन की प्रक्रिया, 12 जुलाई को होगी परीक्षा*




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जल्द ही ग्रामीण विकास अधिकारी (वीडीओ) के 850 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है। बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज ने बताया कि मई महीने के अंतिम सप्ताह में भर्ती विज्ञप्ति जारी की जाएगी, जिसके बाद जून के प्रथम सप्ताह से आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज ने बताया कि पंचायती राज विभाग द्वारा भेजी गई रिक्वेस्ट में कुछ कमियां थीं, जिनके कारण भर्ती विज्ञप्ति जारी करने में देरी हुई। बोर्ड ने विभाग से इन आपत्तियों पर स्पष्टीकरण मांगा था। अब भर्ती कैलेंडर के अनुसार 12 जुलाई को परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### ग्रेजुएट लेवल सीईटी पास अभ्यर्थी ही कर सकेंगे आवेदन

राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी सीधी भर्ती 2025 के लिए ग्रेजुएशन लेवल की सामान पात्रता परीक्षा (सीईटी) पास होना अनिवार्य है। केवल वही अभ्यर्थी इस भर्ती में आवेदन कर सकेंगे, जिन्होंने ग्रेजुएट लेवल की सीईटी परीक्षा पास की है। गौरतलब है कि पहले इस पद को ग्राम सेवक के नाम से जाना जाता था, जिसे सरकार ने बदलकर ग्राम विकास अधिकारी कर दिया है। ग्राम विकास अधिकारी के पद पर अभ्यर्थियों का सिलेक्शन रिटेन टेस्ट (परीक्षा) के जरिए किया जाएगा।

## राजस्थान में मौसम बदला : 13 मई से बढ़ेगी गर्मी

# कोटा और भरतपुर में तेज बारिश 30 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में शनिवार दोपहर बाद मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिला। कोटा और भरतपुर में बादल छाने के साथ बारिश हुई। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में आंधी और बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 11 मई को 30 जिलों और 12 मई को 27 जिलों में आंधी-बारिश की संभावना है। हालांकि 13 मई से यह सिस्टम कमजोर पड़ जाएगा और गर्मी का प्रकोप फिर से बढ़ने लगेगा।

जयपुर समेत कई शहरों में सुबह से आसमान साफ रहा, लेकिन दोपहर 11-12 बजे के बाद मौसम में बदलाव आया। उदयपुर, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, कोटा, झालावाड़ और भरतपुर में बादल छाए रहे। राजधानी में शुक्रवार रात का न्यूनतम तापमान 26.7 डिग्री सेल्सियस रहा। प्रदेश के अन्य शहरों में भी रात का तापमान सामान्य रहा। बाड़मेर में 26.6, जैसलमेर में 26.2, करौली में 26.4, फलोदी में 28.2, बीकानेर में 27.3, चूरू में 25.1, गंगानगर में 24.8, उदयपुर में 24.9, कोटा में 25.6 और अजमेर में 23.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। इन सभी शहरों में कल दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा।

### चित्तौड़गढ़ के निम्बाहेड़ा में सर्वाधिक 43 एमएम वर्षा

पिछले 24 घंटे (9 मई से 10 मई सुबह 8 बजे तक) में राज्य के कई जिलों में बारिश दर्ज की गई। चित्तौड़गढ़, उदयपुर, बांसवाड़ा, पाली, झालावाड़, डूंगरपुर, जयपुर, अजमेर और बारां समेत अन्य जिलों में वर्षा हुई। सर्वाधिक बारिश चित्तौड़गढ़ के निम्बाहेड़ा में 43 एमएम दर्ज की गई। प्रदेश के पाली के जैतारण में 37, हनुमानगढ़ के टिब्बी में 30, बांसवाड़ा के भूंगड़ा में 30, अजमेर के जवाजा में 25 एमएम बारिश हुई। उदयपुर के कोटड़ा और कोटा के कानावास में 24-24 एमएम, बारां के किशनगंज में 21 और गंगानगर के विजयनगर में 20 एमएम वर्षा दर्ज की गई। इसके अलावा फलासिया में 17, प्रतापगढ़ के दलोत में 15, बांसवाड़ा शहर और कोटा के सांगोद में 11-11, गोगुंदा, पुष्कर और रामगंजमंडी में 10-10, झालावाड़ शहर और ब्यावर में 9-9, डूंगरपुर और मेड़ता में 7, माउंट आबू में 7.4, अरनोद में 5 तथा बूंदी के नैनवां में 3 एमएम बारिश दर्ज की गई।

# भारत-पाकिस्तान तनाव के बाद सर्राफा बाजार में तेजी बरकरार

### 99 हजार पहुंची चांदी की कीमत, एक लाख के करीब पहुंचा सोना

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बाद सोने और चांदी की कीमत में बढ़ोतरी का सिलसिला शुरू हो गया है। शनिवार को स्टैंडर्ड सोने की कीमत में 400 रुपए की तेजी आई है। जबकि चांदी की कीमत 99 हजार रुपए पर पहुंच गई है। सर्राफा व्यापारियों के अनुसार मौजूदा हालात की वजह से आम जनता भी कीमती धातुओं में निवेश करना पसंद कर रही है। यही कारण है कि 96 हजार के नजदीक पहुंच चुकी सोने की कीमत एक बार फिर 99 हजार को पार कर गई है। जो आने वाले दिनों में और ज्यादा बढ़ सकती है।

सर्राफा व्यापारी सुशील जैन ने बताया- अंतरराष्ट्रीय बाजार के साथ ही भारतीय बाजार में पूरी तरह स्थिरता है। शेयर बाजार जहां दिनों-दिन गिर रहा है। वहीं, आम जनता के साथ व्यापारी भी अब सोने में निवेश करना पसंद कर रहे हैं। यही कारण है कि सोने और चांदी दोनों की कीमत लगातार बढ़ रही है। जैन ने कहा कि अगर भारत और पाकिस्तान के बीच हालत इसी तरह के रहते है। आने वाले दिनों में सोने की कीमत अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ देगी।

जयपुर सर्राफा कमेटी की ओर से जारी भाव के अनुसार जयपुर में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 99 हजार 500 रुपए पर आ गई है। 22 कैरेट प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत 92 हजार 600 रुपए पहुंच गई है। सोना 18 कैरेट 80 हजार 300 रुपए प्रति दस ग्राम और 14 कैरट 63 हजार 800 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी रिफाइन की कीमत 99 हजार रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# पाकिस्तानी हमले में झुंझुनूं का एयरफोर्स जवान शहीद

### उधमपुर में थी पोस्टिंग, मेडिकल असिस्टेंट सार्जेंट थे सुरेंद्र कुमार, पत्नी की तबीयत बिगड़ी

बढ़ता राजस्थान



**झुंझुनूं।** झुंझुनूं के एयरफोर्स के जवान पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक में शहीद हो गए। जम्मू-कश्मीर के (उधमपुर) में शुक्रवार रात को हुए अटैक में उनकी शहादत हुई। जवान सुरेंद्र कुमार मेहरादासी (मंडावा) के रहने वाले थे। परिवार के अनुसार, वे 14 साल से एयरफोर्स की मेडिकल विंग में थे। पार्थिव देह को गांव कब लाया जाएगा, इसको लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। वीरांगना सीमा को जब पति सुरेंद्र कुमार की शहादत की सूचना मिली तो उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें नवलगढ़ (झुंझुनूं) हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जिला कलेक्टर राम अवतार मीणा ने बताया कि सुरेंद्र कुमार 39 विंग उधमपुर में मेडिकल असिस्टेंट सार्जेंट थे। उनके शहीद होने की सूचना सेना मुख्यालय से उनके जीजा जयप्रकाश को फोन पर दी गई थी। जवान के चाचा सुभाष मोगा ने बताया कि सुरेंद्र मिलनसार और देशभक्त था। युवाओं को फौज की तैयारी भी टिप्स देता था। सुरेन्द्र कुमार 15 अप्रैल को ही अपने परिवार को साथ लेकर ड्यूटी पर वापस गए थे। गांव में उन्होंने नया मकान बनवाया था, जिसका गृह प्रवेश हाल ही में हुआ था। वे 15 अप्रैल को ही पत्नी और बच्चों के साथ वापस लौटे थे। शहीद सुरेन्द्र सिंह अपने माता-पिता के इकलौते बेटे थे।

### शहीद सुरेंद्र कुमार की पत्नी की अस्पताल में भर्ती

वीरांगना सीमा को जब पति सुरेंद्र कुमार की शहादत का समाचार मिला तो उनकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उन्हें नवलगढ़ (झुंझुनूं) के राजकीय जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिला कलेक्टर राम अवतार मीणा और एसपी शरद चौधरी अस्पताल पहुंचे और वीरांगना के सेहत की जानकारी लेते हुए डॉक्टर्स को विशेष निर्देश दिए। इसके बाद दोनों अधिकारी शहीद के गांव मेहरादासी पहुंचे और उनकी मां से मुलाकात कर सांत्वना दी।

### परिवार में पत्नी और दो मासूम बच्चे

सुरेन्द्र कुमार अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों को छोड़ गए। उनका परिवार उनके साथ ही रहता था। उनका बेटा 5 साल का और बेटी 8 साल की है। उनके पिता शिशुपाल सिंह सीआरपीएफ से सेवानिवृत्त थे, उनका निधन हो चुका है। अभी तक सुरेंद्र की मां और उनकी पत्नी को शहादत की जानकारी नहीं दी गई है। उनकी पत्नी सीमा अपने दादा के निधन के कारण बच्चों को लेकर 10 दिन पहले पीहर नवलगढ़ (झुंझुनूं) आई थी।